हरिभूमि
# रायपुर भूमि

- पूर्व निर्धारित ड्राइंग-डिजाइन के अनुसार ही बनेगा
- शारदा चौक से तात्यापारा चौक सड़क चौड़ीकरण को दी मंजूरी




## सरकार का फैसला, अधूरा स्काई-वॉक बनेगा पूरा, तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण के लिए कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जीई रोड पर कबाड़ हो रहे अधूरे स्काई वॉक के दिन अब फिरेंगे। सरकार ने पूर्व निर्धारित ड्राइंग-डिजाइन के अनुसार इसे पूरा बनाने का फैसला किया है। साथ ही, रायपुर के शारदा चौक से तात्यापारा चौक के बीच बहुप्रतीक्षित सड़क चौड़ीकरण का मामला भी आगे बढ़ेगा। इसके लिए कलेक्ट की अध्यक्षता में समिति बनाई जाएगी, जो मुआवजा, जमीन अधिग्रहण समेत सभी चीजों का परीक्षण करेगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई अहम बैठक में स्काई-वॉक निर्माण पर मंथन हुआ। बताया गया कि ⏭ शेष पेज 13 पर

### कलेक्टर की अध्यक्षता में बनेगी समिति

बैठक में रायपुर के कलेक्टर की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी निर्णय लिया गया। यह समिति 30 दिनों के भीतर शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक वास्तविक रूप से कुल कितनी भूमि का अर्जन और अतिक्रमण मुक्त किया जाना है, अर्जन या विस्थापन में कितने भू-स्वामी व अतिक्रमणकर्ता प्रभावित हो रहे हैं, आबादी भूमि ⏭ शेष पेज 13 पर

### शारदा चौक से तात्यापारा चौक के बीच 510 मीटर सड़क का चौड़ीकरण

बैठक में शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक के सड़क के चौड़ीकरण के संबंध जानकारी दी गई कि जयस्तंभ चौक से शारदा चौक तक फोरलेन मार्ग निर्मित है। साथ ही तात्यापारा चौक से आगे आजाद चौक की ओर भी फोरलेन मार्ग निर्मित है। शारदा चौक से तात्यापारा चौक के बीच मात्र 510 मीटर लम्बाई के फोरलेन नहीं होने के कारण प्रतिदिन चारपहिया एवं दोपहिया वाहनों का अत्यधिक दबाव रहता है, जिससे आम लोगों को बहुत परेशानी होती है। यह रायपुर की लम्बे समय से लंबित मांग है। दोनों ओर की सड़कों के चौड़ीकरण के बाद बीच ⏭ शेष पेज 13 पर

#### ये थे मौजूद

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी, रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक नंदकुमार साहू, श्रीचंद सुंदरानी और शहर के अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### दो टीआई समेत एक दर्जन जवान कॉप ऑफ द मंथ



रायपुर। उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्राइम ब्रांच टीआई परेश पाण्डेय, ट्रैफिक टीआई भुनेश्वर साहू सहित एक दर्जन पुलिसकर्मियों को एसएसपी संतोष सिंह ने कॉप ऑफ द मंथ के लिए चुना है। परेश पाण्डेय को तेलीबांधा शूटआउट की घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने तथा भुनेश्वर को नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ प्रभावी कार्य करने के लिए कॉप ऑफ द मंथ के लिए चुना है। कॉप ऑफ द मंथ चुने गए टीआई, पुलिसकर्मियों की जिले के सभी थानों में फोटो लगाई जाएगी। इन पुलिसकर्मियों को प्रशस्तिपत्र के साथ नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा। अनुशासनहीनता और अशोभनीय आचरण करने पर आरक्षक रामचरण ध्रुव को सस्पेंड कर लाईन अटैच किया गया।

### इंटरस्टेट गांजा तस्कर गिरफ्तार

रायपुर। टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक इंटरस्टेट गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ढाई लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 13 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक, गांजा तस्करी के आरोप में महाराष्ट्र नागपुर निवासी शेख इमरान के कब्जे से इंटरस्टेट बस टर्मिनल से गांजा जब्त किया गया है। शेख इमरान ओडिशा से गांजा तस्करी कर नागपुर ले जाने की फिराक में बस टर्मिनल पहुंचा था।



### ई-रिक्शा से शराब ले जाते गिरफ्तार



रायपुर। खम्हारडीह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक ऑटो चालक को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 38 पाव अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस के मुताबिक ई-रिक्शा से शराब ले जाते गीतांजली नगर निवासी राजेश दावड़ा को गिरफ्तार किया है। राजेश शराब को बेचने के लिए ले जा रहा था।

### गूगल रिव्यू के नाम पर चार लाख ठगे

रायपुर। कबीर नगर थाने में एक युवक ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ गूगल रिव्यू करने के नाम पर तीन लाख 88 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजेश कुमार पेढ़े ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया कि अज्ञात मोबाइल धारक ने उसे टेलीग्राम लिंक भेजकर अपने साथ जोड़ा तथा घर बैठे गूगल रिव्यू करने पर भारी मुनाफे का झांसा दिया। शुरुआत में कुछ मुनाफा देकर अपने झांसे में लेकर किस्तों में चार लाख रुपए जालसाज ने अपने अकाउंट में जमा कराकर ठगी का शिकार बनाया।

किसी में नए इलाके शामिल तो किसी में कम हो गए हिस्से, वार्डों की संख्या 70 ही

## बदल गए 21 वार्ड के नंबर, 20 नए गांव होंगे शामिल, दो पुराने का वजूद खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

परिसीमन पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है, पर रायपुर नगर निगम का वार्ड परिसीमन पूरा हो चुका है। परिसीमन के प्रारंभिक प्रकाशन में पता चला कि शहर के 70 वार्डों में से 21 ऐसे हैं, जिनके नंबर बदल गये। किसी में नए इलाके शामिल हुए, तो किसी वार्ड में हिस्से कम हो गये। हालांकि रायपुर में कुल वार्डों की संख्या 70 ही रखी गई है। इसके साथ ही नए मास्टर प्लान में शामिल किये गये शहर से लगे 20 नए गांव को रायपुर नगर निगम में शामिल करने शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। जिला कलेक्टर का हस्ताक्षर युक्त प्रस्ताव संचालक नगरीय प्रशासन विभाग को भेजा गया है।

2011 की जनगणना को आधार बनाते हुए वार्डो का परिसीमन किया गया है। इसमें प्रत्येक वार्डो की जनसंख्या 12 से 16 हजार के बीच है। परिसीमन में 21 वार्डो के नंबर ही बदल गये। मोवा, सड्डू, आमासिवनी वाले क्षेत्र को मिलाकर नया वार्ड बनाया गया है। पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड जहां से एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी पार्षद हैं, उस वार्ड को विलोपित कर आसपास के वार्ड में ⏭ शेष पेज 13 पर

### 20 नए गांवों को नगर निगम में शामिल करने शासन को भेजा प्रस्ताव

#### महात्मा गांधी वार्ड को दूसरे वार्ड में किया मर्ज

वार्ड परिसीमन में दूसरी चौंकाने वाली बात ये रही कि वार्ड नंबर 12 महात्मागांधी वार्ड को 2 टुकड़ों में विभाजित करते हुए पार्षद मंडी गेट हनुमानमंदिर से मेन रोड सेंट मेरी स्कूल देवेन्द्र नगर वाले हिस्से को शहीद हेमूकालाणी वार्ड में जोड़ दिया गया है, जबकि दूसरे हिस्से में जिला अस्पताल पंडरी से प्रगति मैदान से लोधी पारा को कालीमाता वार्ड में समाहित किया गया है। वर्तमान में यहां भाजपा के पार्षद और जोन 3 अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू हैं। परिसीमन में वार्ड नंबर 8 को इसी नाम से रखा गया है।



#### 20 नए गांव नगरनिगम में शामिल करने शासन को प्रस्ताव

नए मास्टर प्लान में शामिल 21 नए गांव को रायपुर नगर निगम में शामिल करने शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। जिन गांवों को निगम में शामिल करने प्रस्ताव बना है उनमें सकरी, धनसुली, तुलसी-बाराडेरा, पिरदा, सेरीखेड़ी, धरमपुरा, टेमरी, बोरियाकला, सेजबहार, मुजगहन, डोमा, दतरेंगा, कांदुल, काठाडीह, हतबंद, तेंदुआ, परसुलीडीह, बरौंदा, सेमरिया और नरदहा गांव शामिल है।

#### इन वार्डों के बदल गये नंबर

| | परिसीमन से पहले वार्ड नंबर | परिसीमन के बाद हो गया ये नंबर |
|---|---|---|
| महात्मा गांधी वार्ड | 12 | 8 |
| मोतीलाल नेहरू | 8 | 9 |
| भीमराव अंबेडकर | 9 | 11 |
| कालीमाता वार्ड | 11 | 12 |
| अब्दुल हमीद वार्ड | 36 | 35 |
| तात्यापारा वार्ड | 37 | 36 |
| शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड | 38 | 37 |
| स्वामी आत्मानंद वार्ड | 39 | 38 |
| ठाकुर प्यारेलाल वार्ड | 40 | 39 |
| दीनदयाल उपाध्याय वार्ड | 41 | 40 |
| पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड | 42 | 41 |
| महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड | 43 | 42 |
| ब्राम्हणपारा वार्ड | 44 | 43 |
| स्वामी विवेकानंद-सदर वार्ड | 45 | 44 |
| मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड | 46 | 45 |
| सिविल लाइन वार्ड | 47 | 46 |
| मदर टेरेसा वार्ड | 48 | 47 |
| गुरु घासीदास वार्ड | 49 | 48 |
| रानी दुर्गावती वार्ड | 50 | 49 |
| पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड | 51 | 50 |
| रविशंकर शुक्ल वार्ड | 35 | 51 |

#### परिसीमन को लेकर पार्षदों को ऐतराज, आपत्ति दर्ज कराएंगे

माधवराव सप्रे वार्ड में परिसीमन के बाद विप्रनगर, इंद्रप्रस्थ फेज 1, फेज 2 विसर्जन कुंड से आरडीए बीएसयूपी कालोनी एरिया और डिपरापारा एरिया को काटकर संत रविदास वार्ड में जोड़ा गया है। पार्षद बीरेन्द्र देवांगन ने कहा है किस आधार एरिया काटा गया, इसे लेकर दावा आपत्ति लगाएंगे। महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड में परिसीमन के बाद 2500 मतदाता नए जोड़े गये हैं। चंद्रशेखर नगर, सुपर स्वीट गली अश्विनी नगर ढाल तक का हिस्सा पहले पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड में आता था, उसे इस वार्ड में समाहित किया गया है। वामनराव लाखे वार्ड के कुछ हिस्से भी जोड़े गये। पार्षद जितेन्द्र अग्रवाल ने ऐतराज जताते हुए कहा कि सभी वार्डों में बराबर अनुपात में मतदाताओं को रखना था, पर इसके उलट 2500 वोटर बढ़ा दिये। यह गलत है, दावा आपत्ति लगाएंगे।

एक वर्ष पूर्व की घटना

## गर्ल्स हॉस्टल संचालिका युवती से छेड़खानी, टीआई को दो साल कैद, जुर्माना

स्पेशल कोर्ट ने ट्रैफिक टीआई राकेश चौबे को सुनाई सजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर हॉस्टल संचालिका तथा युवती के साथ छेड़खानी के आरोप में कोर्ट ने एक टीआई को दो वर्ष कैद के साथ आठ हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटीज पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में हुई है।

लोक अभियोजक निलेश ठाकुर के मुताबिक कोर्ट ने ट्रैफिक थाना में पदस्थ तत्कालीन टीआई राकेश कुमार चौबे को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। टीआई 24 मार्च 2023 को देवेंद्र नगर सेक्टर- 3 स्थित संचालित गर्ल्स हॉस्टल में नशे में धुत्त होकर पहुंचा। हॉस्टल संचालिका ने टीआई के नशे की हालत में हॉस्टल में आने का ⏭ शेष पेज 13 पर

#### यह था पूरा मामला

टीआई ने जिस हॉस्टल संचालिका के साथ गाली-गलौज मारपीट की, वह मूलरूप से अंबिकापुर की रहने वाली थी। देवेंद्र नगर में वह किराए का मकान लेकर हॉस्टल संचालित कर रही थी। घटना दिनांक को बाहर बोर्ड देखकर टीआई शराब के नशे में हॉस्टल के अंदर घुस आया। इसके बाद टीआई रिसेप्शन पर बैठे महिला स्टाफ के साथ मारपीट करते हुए हॉस्टल में गलत कार्य करने का आरोप लगाते हुए लड़कियां दिखाने की मांग करने लगा। विरोध करने पर टीआई जबरन लड़कियों के कमरे में घुस गया और हॉस्टल संचालिका पर वर्दी का रौब जमाने लगा।

#### सीसीटीवी फूटेज बना सजा का आधार

लोक अभियोजक के मुताबिक टीआई ने सजा से बचने हर संभव कोशिश की, लेकिन मौके से साक्ष्य के रूप में मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर कोर्ट ने टीआई को सजा सुनाई। कोर्ट ने टीआई तथा बचाव पक्ष के वकील के दलीलों को खारिज करते हुए फूटेज को महत्वपूर्ण साक्ष्य मानते हुए आरोपी को सजा सुनाई।

## सीबीएसई स्कूलों में अब नहीं होंगे छत्तीगसढ़ी खेल, स्टेट बोर्ड और सेंट्रल बोर्ड के लिए अलग-अलग स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीबीएसई स्कूलों के छात्रों में अब छत्तीसगढ़ी खेलों का आयोजन नहीं होगा। यहां के छात्र फुगड़ी, भौंरा गेड़ी दौड़ जैसे खेलों में अब हिस्सा नहीं ले सकेंगे। यही नहीं सीबीएसई स्कूल के छात्रों को अब राज्य के प्रतिनिधित्व का मौका भी प्राप्त नहीं होगा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के छात्र ही राष्ट्रीय स्तरीय खेलों में अपने प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी किया गया है। मौजूदा शैक्षणिक सत्र से ही यह व्यवस्था लागू की जा रही है।




अब तक सभी बोर्ड के छात्रों के लिए जिला और राज्य स्तर पर होती रही है एक ही प्रतियोगिता

लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि सीबीएसई स्कूलों के छात्र-छात्राओं को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2024-2025 से आयोजित की जाने वाली विकासखंड, जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय शालेय कीडा प्रतियोगिताओं में भाग लेने से पृथक किया जाता है। अर्थात अब वे स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का हिस्सा नहीं होंगे। सीबीएसई ही उनके लिए प्रतियोगिताएं आयोजित करेगा।

### फेडरेशन के नियमों का दिया हवाला

लोक शिक्षण संचालनालय के अनुसार, स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता के लिए सीबीएसई को एक पृथक इकाई के रूप में संबद्ध किया गया है। वर्तमान में सीबीएसई से संबद्ध संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली विकासखंड स्तरीय, जिला स्तरीय, संभाग स्तरीय एवं राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिताओं के साथ ही राष्ट्रीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी के रूप में शामिल होकर भाग लेते हैं। चूंकि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा सीबीएसई को भी एक इकाई के रूप में पृथक से भाग लेने के लिए अधिकृत कर दिया गया है। अतः सीबीएसई स्कूलों के छात्र अब सीबीएसई द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं के माध्यम से सत्र 2024-2025 से स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय शालेय कीडा प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

### भुवनेश्वर जोन में आता है छग

सीबीएसई अपनी प्रतियोगिताएं जोन आधार पर करवाता है। छत्तीसगढ़ राज्य भुवनेश्वर जोन के अंतर्गत आता है। ऐसे में प्रदेश के सीबीएसई स्कूलों में अध्ययनरत छात्र भुवनेश्वर जोन से शालेय खेल प्रतियोगिता में शामिल होंगे। गौरतलब है कि पिछली सरकार के शासन काल में छत्तीसगढ़ी खेलों को भी स्कूली खेलों में शामिल किया गया था। ऐसे में सीबीएसई स्कूलों के विद्यार्थी भी इसमें शामिल होते थे। सीबीएसई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रचलित खेलों में ही स्पर्धा कराई जाती है। इसलिए अब नए नियम से सीबीएसई स्कूलों के विद्यार्थी छत्तीसगढ़ी खेलों से दूर हो जाएंगे।

## पूरे दिन तापमान लगभग एक समान, अगस्त की शुरुआत से फिर लगातार बरसेंगे बादल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लगभग तीन दिनों तक हुई लगातार बारिश के बाद अब सिस्टम थोड़ा कमजोर हो गया है। इसके कारण आने वाले कुछ दिनों तक बादल तो छाए रहेंगे, लेकिन भारी बारिश नहीं होगी। रूक-रूककर बारिश होती रहेगी अथवा हल्की बौछारें ही पड़ेंगी। अगले सप्ताह अगस्त के शुरुआत से ही सिस्टम के दोबारा सक्रिय होने की संभावना है। इसके बार पुनः बारिश संबंधित गतिविधियों में वृद्धि होगी। इसके पूर्व गुरुवार सुबह तक सर्वाधिक बारिश भैरमगढ़ और कुटरू में 15 सेमी, लवन व कसडोल में 13 सेमी, कुसमी में 12 सेमी, पिथौरा व महासमुंद में 11 सेमी तथा केल्हारी में 10 सेमी बारिश हुई। शेष स्थानों में 10 सेमी से कम बारिश दर्ज की गई। लगातार हो रही बारिश के कारण तापमान में भारी गिरावट आई है।

- तीन दिनों तक हुई लगातार बारिश के बाद अब सिस्टम कमजोर

### भारी वर्षा सरगुजा संभाग में

मौसम विभाग के अनुसार, एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती पश्चिम बंगाल और उससे लगे बांग्लादेश के ऊपर स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में 26 जुलाई को अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। हालांकि प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की भी संभावना जताई गई है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः सरगुजा संभाग के जिले रहेंगे। शेष जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा ही होगी। राजधानी रायपुर में भी आसमान मेघमय रहेगा तथा मध्यम बारिश संभावित है।

## ठंडे बस्ते में डाल दिए थे दो मामले इसलिए तीसरी बार शूटआउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में 13 जुलाई को कारोबारी समूह पीआरए ग्रुप में बदमाशों ने शूट आउट की घटना को अंजाम देने इसलिए साहस जुटाया, क्योंकि इसके पूर्व की दो घटनाओं में पुलिस ने जांच में कोताही बरती थी। वर्ष 2022 में आरकेटेसी कारोबारी समूह के कोरबा तथा वर्ष 2023 में शूट आउट की घटना में पुलिस ने शूट आउट करने वाले शूटरों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने जांच की फाइल बंद कर दी। इसी वजह से बदमाश रायपुर में तीसरी दफा शूट आउट की घटना को अंजाम देने में कामयाब रहे।

गौरतलब है कि वर्ष 2022 में बदमाशों ने कोरबा में शूट आउट को अंजाम दिया था, तब पुलिस चार महीने के बाद झारखंड हजारी बाग से नितेश सिंह उर्फ मेजर सिंह तथा अभिनव उर्फ सुशांत तिवारी को गिरफ्तार कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो गई। इसी तरह से 11 फरवरी को आरकेटीसी ग्रुप के शंकर नगर स्थित ऑफिस के बाहर फायरिंग करने के आरोप में पुलिस ने हरियाणा, झारखंड तथा मध्यप्रदेश के रहने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर मामले की जांच ठंडे बस्ते में डाल दी।


शूटरों का अकाउंट मैनेज करने वाला पंजाब से हुआ गिरफ्तार, ट्रांजिट रिमांड पर

### सरगना तक नहीं पहुंचने से बढ़ेगी परेशानी

जानकारों के मुताबिक कारेबरियों से फिरौती वसूलने वाले गिरोह की दस्तक छत्तीसगढ़ में हो गई है। पूर्व में आरकेटीसी ग्रुप से लेवी वसूली की कोशिश में फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश पिछले महीने घटना को अंजाम देने के पूर्व पकड़े गए थे। एक महीने बाद बदमाश तेलीबांधा में शूट आउट की घटना को अंजाम देने में कामयाब रहे। फिरौती के लिए बदमाश लगातार घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में फिरौती वसूल करने के मास्टर माइंड की गिरफ्तारी नहीं होने से आने वाले समय में पुलिस के लिए परेशानी बढ़ेगी।

### अमनदीप से कुछ नहीं कबूलवा पाई पुलिस

गौरतलब है कि अमनदीप को ट्रांजिट रिमांड पर लाने के बाद पुलिस ने उसे बुधवार को कोर्ट में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया था। बुधवार से लेकर गुरुवार तक अमनदीप से पुलिस ने शूट आउट की घटना को लेकर अलग-अलग एंगल से पूछताछ की, लेकिन पुलिस अमनदीप से कुछ भी नहीं कबूलवा पाई। साथ ही शूटर के अकाउंट में रुपए डालने पैसों की ⏭ शेष पेज 13 पर


### अमन साव तब से लेकर अब तक जेल में बंद

कोरबा तथा वर्ष 2023 में रायपुर में हुए शूट आउट में अमन साव तथा मयंक सिंह का नाम सामने आया था, तब पुलिस ने मयंक सिंह के मलेशिया में होने की जानकारी दी थी, तब अमन साव झारखंड की जेल में बंद था। पुलिस ने अमन साव से पूछताछ करने किसी भी तरह से कोई प्रोटेक्शन वारंट लेने उत्सुकता नहीं दिखाई। इसके चलते अमन को लगा कि पुलिस उन तक नहीं पहुंच सकती। इसके कारण वह अपने अन्य गैंगस्टर साथी अमनदीप बाल्मीकि की मदद से एक अन्य कारोबारी समूह पीआरए ग्रुप के कार्यालय के बाहर शूट आउट की घटना को अंजाम देने में कामयाब रहा।

## रेलवे ट्रेन में यात्रियों को सिखा रहा अग्निशमन यंत्र का इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देश में हर साल ट्रेन में आगजनी की घटना सामने आ रही है। आपातकालीन स्थिति में आग की रोकथाम के लिए स्टेशनों और गाड़ियों के कोच में अग्निशमन यंत्र भी उपलब्ध कराए गए हैं। इसका उपयोग करने रेलवे ने सभी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को



विधि सिखाई जा रही है। अब रेलवे ने यात्रियों को भी इस विशेष अभियान से जोड़ा दिया है। ट्रेन में यात्रियों को आगजनी घटनाओं के जोखिम को कम करने अग्निशमन का इस्तेमाल किस तरह किया जाता है, इसकी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। गुरुवार को वाणिज्य विभाग के स्पेशल सेल की टीम द्वारा 12070 गोंदिया-रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस के यात्रियों को अग्निशमन यंत्र के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान अग्निशमन से संबन्धित महत्वपूर्ण जानकारी और सुझाव साझा ⏭ शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी (संशोधन) विधेयक पारित

## पक्ष में 47 और विपक्ष में पड़े 27 मत

विधानसभा में छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी (संशोधन) विधेयक 2024 बहुमत से पारित हुआ। विपक्ष ने संशोधन विधेयक पर मत विभाजन की मांग की थी, जिसके बाद हुए मतदान में विधेयक के पक्ष में 47 और विपक्ष में 27 मत पड़े। संशोधन विधेयक का विरोध करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, मंडी फीस के जगह कृषक कल्याण कह दिया। जियो जब शुरू हुआ, तो फ्री में दिया गया था। आज पूरे मार्केट में सबसे ज्यादा कब्जा इनका है और अब सबसे महंगा यही है। हिमाचल में क्या हुआ, वही बड़े लोग रेट खोल रहे हैं। औने-पौने दाम में हिमाचल में सेव बेचने के लिए किसान मजबूर हैं। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, कुरुद में 20 ई मंडी संचालित हैं। यह संशोधन इसलिए आया है, ताकि प्रदेश के मंडी के किसान भी राष्ट्रीय कृषि बाजार में व्यापार कर सकें। किसानों का कहीं से अहित नहीं है। भूपेश बघेल ने कहा, इस संशोधन विधेयक में यह जोड़ दीजिए कि समर्थन मूल्य से नीचे कोई नहीं खरीद सकेगा। छत्तीसगढ़ का पशुधन बाहर जाएगा। यहां से ट्रकों में भरकर पशु बाहर जा रहे हैं। बांग्लादेश के अलावा यूरोप जाएगा। बड़े व्यापारी और कारपोरेट हाउस पहले बेहतर दाम दे देंगे, बाद में यहां के किसानों की स्थिति बदतर हो जाएगी। उन्होंने कहा, अगले सत्र में (संशोधन विधेयक) ले आइएगा, जल्दबाजी क्या है।

### किसानों को उपज का मिलेगा सही मूल्य



भाजपा विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा, इससे उपज का सही मूल्य मिलेगा। मंडी शुल्क संशोधन के बाद कृषक कल्याण शुल्क कहलाएगा। यानी किसानों के कल्याण के लिए यह राशि खर्च की जायेगी। आज भी मंडी में छाया और शेड की व्यवस्था नहीं है। धान भीग जाते हैं। निश्चित रूप से कस्टम मिलिंग ठीक से होगी। हिंदुस्तान में सबसे ज्यादा खुशहाल छत्तीसगढ़ का किसान है।

### हमारी सरकार किसानों के हित में चिंता करेगी : नेताम



कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, सदस्यों ने कई तरह की चिंताएं व्यक्त की हैं। आप कैसे सोच सकते हैं कि हमारी सरकार किसानों के हित की चिंता नहीं करेगी। भूपेश बघेल तो ऐसा बोलने लगे कि बांग्लादेश और पाकिस्तान के लोग आ जाएंगे। मंडी अधिनियम में पशुपालन, मछलीपालन शामिल नहीं है, इसके बावजूद यदि कहीं भी यदि इसके परीक्षण की जरूरत होगी तो परीक्षण कराऊंगा। यदि ऐसा कुछ होगा तो इसे संशोधन से बाहर करूंगा। मंत्री ने कहा कि मार्केट ओपन होना चाहिए ये तो आप चाहते हैं न। प्रदेश के किसानों को गुमराह करने की कोशिश न करें। प्रदेश की जनता आपकी बातों में आने वाली नहीं है। ई नाम में कोई भी जुड़कर अपना सामान बेच सकता है, इसे सर्वसम्मति से पारित किया जाए।

# कमल विहार में आरडीए ने लैंड यूज बदले बिना टेंडर निकाला

# मंत्री ने कहा- निविदा की शर्त का कराएंगे परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा में भाजपा विधायक राजेश मूणत ने लैंड यूज बदले बिना टेंडर निकालने का मामला उठाया। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि 2021 के मास्टर प्लान में सिटी पार्क को बाद के मास्टर प्लान में आमोद-प्रमोद कर दिया गया था। उन्होंने कहा, मास्टर प्लान में सिटी पार्क लैंड यूज था। टाउन प्लानिंग स्कीम के स्वीकृत प्लान के मुताबिक़ पार्क स्वीकृत किया गया था। इससे 40 लाख रुपये फंड रेसिंग का भी प्रावधान था। इस टेंडर में जो शर्त लगाई गई थी, उसके अनुसार लैंड यूज चेंज करने की जिम्मेदारी बिडर की थी। उन्होंने कहा टेंडर की शर्त का परीक्षण कराएंगे।

प्रश्नकाल में इस मामले को लेकर भाजपा विधायक राजेश मूणत ने पूछा कि रायपुर विकास प्राधिकरण की कमल विहार योजना के तहत गजराज तालाब के आसपास की भूमि का मास्टर प्लान में क्या उपयोग दर्शाया गया है। प्राधिकरण ने इसके आसपास की भूमि में क्या प्रोजेक्ट विकसित करने का प्लान रखा था। इस भूमि के विक्रय या लीज पर देने के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी। क्या भूमि के उपयोग को लेकर आरडीए और न्यूनतम निविदाकार के बीच विवाद उत्पन्न हो गए थे। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि 2021 के मास्टरप्लान में यह भूमि सिटी पार्क था, इसके बाद के मास्टर प्लान में आमोद-प्रमोद प्रयोजन के लिए क्षेत्रीय उद्यान दर्शाया गया है। आरडीएम ने उक्त भूमि में नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम एवं कमल विहार योजना के स्वीकृत ले आउट के अनुसार स्वीकार्य योग्य प्रोजेक्ट विकसित करने का प्लान रखा था।




### प्राधिकरण को आर्बिटेशन में देना है जवाब

भूमि के विक्रय के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई थी। न्यूनतम निविदाकार को 12 अप्रैल 2023 को जारी कर दी गई। निविदा की शर्तों के अनुसार निविदाकार को 5 माह में प्रथम किश्त जमा करते हुए अनुबंध निष्पादित करना था, परंतु निविदाकार द्वारा समय सीमा में यह नहीं किया गया। बेस प्राइज़ से ज्यादा दर पर श्रीजी कृपा नाम के फर्म ने 72 करोड़ रुपये में बीड किया था। लैंड यूस फर्म को बदलना था, लेकिन उसने आरडीए से किए जाने की मांग को लेकर कमर्शियल कोर्ट में चला गया। यह मामला आर्बिट्रेशन कोर्ट में चल रहा है। डेवलपर द्वारा क्लेम जमा किया जा चुका है, इसके संबंध में प्रधिकरण का जवाब प्रस्तुत किए जाने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

### दोषियों पर कार्रवाई की मांग

राजेश मूणत ने कहा, रिक्रियेशनल पार्क बनाने टेंडर निकाल लिया। पिछली सरकार के मंत्री ने फाइल अपने पास रख ली थी। रिक्रियेशनल पार्क के नाम पर मैरिज पैलेस नहीं बनाया जा सकता। कमल विहार में माता कौशल्या नाम की तख़्ती लगा दी गई। आज कमल विहार अंधेरे में डूबा है। आरडीए को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से नये सिरे से लैंड यूज चेंज करना होता है। बग़ैर ले आउट चेंज किए टेंडर कैसे कर दिया गया? उन्होंने कहा, टेंडर की शर्तों में लिखा है कि लैंड यूज बदलना बिडर की जिम्मेदारी है। आश्चर्य की बात है कि बगैर लैंड यूज बदले टेंडर निकल गया। क्या इसकी जांच कराकर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई होगी? मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, वर्तमान मास्टर प्लान के आधार पर ये टेंडर निकाला गया था।

# पंजीयन के लिए प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए राज्य स्तर पर टीम गठित होगी

भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने बेलतरा विधासभा के पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री के लिए आवेदन का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि कितने आवेदनों का निराकरण हुआ? कितने बाकी हैं? भूमि का असत्यापन ना कर खुली भूमि बताया जाता है, इससे निराकरण की क्या व्यवस्था है? वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि इनको रोकने में पंजीयन में सुधार की प्रक्रिया जारी है। पिछले 7 महीने में विभागीय सतर्कता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, जो सारे विशेष केस देखेगी। सुशांत शुक्ला ने कहा कि प्रश्न का जवाब अपूर्ण है, शिकायत का क्या प्रावधान है। ओपी चौधरी ने बताया कि शिकायत जिला स्तर पर होती है, उसमें निराकरण अच्छी तरह से नहीं हो पाता, इसलिए उच्च स्तरीय तरीके से कमेटी गठित की गई है, जो अच्छी तरह से इसका निराकरण करेगी। हमारे पास जो जानकारी आई है, उसमें अभी तक कोई शिकायत नहीं आई है। प्रतिबंधित खसरों में कोई गड़बड़ी हुई होगी, तो तत्काल कार्यवाही की जाएगी। सुशांत शुक्ला ने कहा, वेरिफिकेश का प्रावधान नहीं है। नगरीय निकाय राजस्व का कोई संयुक्त कार्य नहीं है। क्या ऐसी कोई प्रणाली आने वाले समय में स्थापित की जाएगी, जिसमें आने वाले समय में परेशानी न हो? राज्य स्तर पर जांच टीम गठित की जाएगी और इसे बेलतारा भेजा जाएगा।



### पंजीयन का पूरा काम कैशलेस और पेपर लेस करने की तैयारी: चौधरी

मंत्री ने कहा कि कोटवार भूमि शासन की ही भूमि होती है। पहले बहुत से प्रकरण में अब जमीनों को बेच दिया गया था, लेकिन अब ऐसा कोई केस हुआ है वह किस स्तर पर है, उसे देख कर कार्यवाही को जाएगी। विधायक राजेश मूणत ने सवाल किया कि राजिस्ट्री बढ़ा दी गई है और चेक और ड्राफ्ट पेमेंट क्यों नहीं लिया जा रहा है। कैश पेमेंट क्यों हो रहा इसका परीक्षण कराया जाए? ओपी चौधरी ने बताया कि रजिस्ट्री नहीं बढ़ाई गई है। गाइडलाइन रेट नहीं बढ़ा है, इसका प्रभाव केवल बिल्डरों पर ही नहीं, बल्कि किसानों पर भी पड़ता है। गाइड लाइन रेट जब कम होता है, तो लोअर मिडिल क्लास के लोगों को लोन नहीं मिल पाता है। राजेश मूणत ने इस पर सवाल किया कि रजिस्ट्री शुल्क कैश में क्यों जमा हो रहा है, इसे दिखवा ले। मंत्री ने कहा, कि अगर कोई कैश पेमेंट करता है, तो वह पूरा रजिस्टर होता है। आने वाले समय में हम पूरा काम कैश लेस और पेपर लेस करने की ओर प्रयासरत हैं। ओपी चौधरी ने कहा कि हम बहुत सारे मेजर रिफॉर्म्स कर रहे हैं।

### कलेक्टरों को जारी करेंगे निर्देश

जिलो में पंजीयन से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने सुझाव दिया कि सभी जिलों में इसे लेकर कलेक्टर को एक बैठक बुलाकर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करनी चाहिए। उन्होंने मंत्री से मांग की है कि इसके निर्देश जारी किए जाएं। मंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर बैठक के लिए कलेक्टरों को निर्देश जारी किए जाएंगे।



# सोलर लाइट खरीदी में गड़बड़ी सदन की समिति करेगी जांच

विधानसभा में आदर्श ग्राम योजना में सोलर लाइट खरीदी के मामले में अनियमितता के मामले में सत्ता पक्ष की विधायक लता उसेंडी ने कहा कि पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार किया गया है। सक्षम एजेंसी तय नहीं की गई। अफसरों ने नियमों को ताक पर रखकर पूरी खरीदी कर ली। उन्होंने मामले की जांच विधानसभा की समिति से कराने की मांग रखी। जवाब में मंत्री राम विचार नेताम ने 2021 से 2024 के बीच हुई सभी खरीदी की जांच विधानसभा की समिति से कराने की घोषणा सदन में की।



■ भाजपा विधायक लता उसेंडी ने उठाया मामला

प्रश्नकाल में कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने कहा, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत हुई सोलर लाइट की खरीदी में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। अधिकारियों ने सदन में गलत जानकारी दी है। 12 जून को सूचना के अधिकार से मिली जानकारी में बताया गया है कि 3 अधिकारियों के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई है। मंत्री सदन में गलत जानकारी दे रहे हैं। पिछली सरकार में सोलर लाइट को लेकर गड़बड़ी हुई है। सक्षम अधिकारियों ने गड़बड़ी की है। मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, पूर्ववर्ती सरकार के समय नियमों को ताक में रखकर काम हुआ है। सदस्य की भावना के अनुरूप मामले में सदन की समिति से जांच कराने के लिए मैं सहमत हूं। उन्होंने कहा कि न केवल कोंडागांव, वरन पूर प्रदेश में हुई सोलर लाइट खरीदी के मामले जांच के दायरे में आएंगे। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, सरकार ने जवाब दिया है कि राज्य स्तरीय समिति जांच कर रही है। क्या सदन की समिति से राज्य स्तरीय समिति की जांच के बिंदु शामिल किए जाएंगे। मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, सदन की समिति जिन-जिन विषयों को जांच में शामिल करेगी, उन पर जांच की जाएगी।

# बृजमोहन ने लोकसभा में युवाओं को रोजगार के लिए की गई पहल की मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री जयंत चौधरी से सरकार द्वारा युवाओं की रोजगार क्षमता में सुधार करने तथा नई नौकरियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी। साथ ही सरकार द्वारा शुरू की गई कि स्किल इंडिया डिजिटल की मुख्य विशेषताएं एवं अन्य जानकारी मांगी।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री ने बताया कि, स्किल इंडिया मिशन (सिम) के अंतर्गत विभिन्न स्कीमों जैसे प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना, जन शिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से शिल्पकार प्रतिक्षण स्कीम के अंतर्गत कौशल विकास केंद्रों और संस्थानों के एक व्यापक नेटवर्क के माध्यम से देश भर में समाज के सभी वर्गों को कौशल, पुनर्कौशल और कौशलोनयन प्रतिक्षण प्रदान करता है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बाजार की आवश्यकताओं के अनुरुप बनाने तथा प्रशिक्षुओं की नियोजनीयता में सुधार लाने के लिए कई कदम उठाए हैं। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय की स्कीमों के अंतर्गत प्रस्तुत प्रशिक्षण कार्यक्रम बाजार मांग को ध्यान में रखते विकसित किए जाते हैं। इतना ही नहीं भविष्य के लिए तैयार जॉब रोल, ड्रोन, कृत्रिम मेधा, रोबोटिक्स, मेक्ट्रोनिक्स आदि जैसे उभरते क्षेत्रों को पीएमकेवीवाई के तहत प्राथमिकता दी गई है। उभरती प्रौद्योगिकियों में भविष्य की जॉब रोल की मांग को पूरा करने के लिए आधुनिक युग के पाठ्यक्रम विकसित किए गए हैं।

### सीएम ने शहीद जवानों को किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई पर भारतीय जवानों की वीरता को नमन करते हुए कारगिल युद्ध के शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कारगिल विजय दिवस के दिन हम देश के उन वीर जवानों की बहादुरी को याद करते हैं, जिन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपनी प्राणों की परवाह न करते हुए कारगिल को मुक्त कराया। उनकी बहादुरी और शौर्य की गाथा हमें सदैव प्रेरणा देती रहेगी। यह देश के वीर सपूतों, कारगिल योद्धाओं की बहादुरी का स्मरण करने, उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रगट करने का दिन है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान विधानसभा आवासीय परिसर में सीएम और मंत्रियों ने लगाए पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत गुरुवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के आवासीय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी मां के सम्मान में वहां बेल का पौधा लगाया। विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सीताफल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने हनुमान फल और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नीम के पौधे का रोपण किया।

■ 50 एकड़ क्षेत्र में इकोलॉजिकल पार्क विकसित किया जा रहा

विधानसभा आवासीय परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने रामफल, वन मंत्री केदार कश्यप ने महुआ, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने आंवला, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने हर्रा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने लक्ष्मण फल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बेल तथा राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने पीपल का पौधा लगाया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विधायकों और राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपनी मां की स्मृति और सम्मान में पौधे लगाए। कार्यक्रम में आज विभिन्न प्रजाति के सौ से अधिक पौधे लगाए गए। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा के आवासीय परिसर में 50 एकड़ क्षेत्र में इकोलॉजिकल पार्क विकसित किया जा रहा है।

# क्लाइमेट चेंज से निपटने ग्रीन स्टील से शून्य कार्बन उत्सर्जन में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, क्लाइमेट चेंज की चुनौती से निपटने के लिए पूरी दुनिया ग्रीन स्टील की ओर रुख कर रही है। स्टील के उत्पादन में अग्रणी राज्यों में से एक होने के नाते ग्रीन स्टील छत्तीसगढ़ के लिए भी बड़ी संभावनाएं लेकर आया है। इससे न केवल कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में हमें मदद मिलेगी, अपितु इस क्षेत्र में नवीन पहल कर हम बड़ी आर्थिक उपलब्धियों की संभावनाओं का द्वार खोल सकते हैं।

नवा रायपुर अटल नगर स्थित मेफेयर लेक रिसार्ट में आयोजित ग्रीन स्टील समिट का आयोजन भारतीय इस्पात उद्योग को कार्बन रहित बनाने के उद्देश्य से किया गया है। समिट में देशभर के प्रमुख उद्योगपति, व्यापारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सीआईआई को आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा, छत्तीसगढ़ प्रदेश भारत का सबसे प्रमुख स्टील निर्माता है। हमारे यहां सार्वजनिक क्षेत्र के भिलाई स्टील प्लांट और नगरनार स्टील प्लांट जैसी बड़ी इकाइयां तो संचालित हैं ही, इसके साथ-साथ निजी क्षेत्र के अनेक छोटे-बड़े इस्पात संयंत्र संचालित हैं। उन्होंने कहा, भिलाई इस्पात संयंत्र एशिया का सबसे बड़ा स्टील प्लांट है। छत्तीसगढ़ में बैलाडीला, रावघाट और दल्लीराजहरा लोहे के विशाल भंडार है। छत्तीसगढ़ का देश में कुल उत्पादित स्टील में लगभग 20 प्रतिशत तक का योगदान है और राज्य की अर्थव्यवस्था में उद्योगों की भागीदारी 53.50 प्रतिशत है।






### 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने इस्पात उद्योग से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण के वैश्विक चिंताओं पर भी प्रकाश डाला और कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने का दृष्टिकोण सामने रखा है। उन्होंने केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की घोषणा की सराहना की और राज्य में सौर ऊर्जा और हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने समिट में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों से ग्रीन स्टील उत्पादन की नई तकनीक को अपनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर सीआईआई के पदाधिकारी और उद्योगपति आशीष सराफ, सिद्धार्थ अग्रवाल, सुवेन्द्र बेहरा, संजय जैन, पीवी किरण अनंत उपस्थित थे।

# अमृत 2.0 योजना में छत्तीसगढ़ के लिए 2541 करोड़ की 111 परियोजनाएं





**रायपुर।** अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की 111 परियोजनाओं का अनुमोदन किया गया है। लोकसभा में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के सवालों का जवाब देते हुए आवासन और शहरी कार्य मंत्री तोखन साहू ने बताया, छत्तीसगढ़ में 2541 करोड़ रुपए की 111 परियोजनाओं का अनुमोदन किया गया है। जिसमें से 18 परियोजनाओं के लिए 772.5 करोड़ रुपए प्रदत किए गए हैं और 1769 करोड़ रुपए लागत की 93 परियोजना, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, निविदा चरण में हैं। छत्तीसगढ़ में जनजातीय परिपथ के तहत जशपुर-कुनकुरी, मैनपाट-कमलेशपुर, महेशपुर कुरदार-सरोधदादर-गंगरेल, कोंडागांव-नथियानवगांव के विकास के लिए 94.23 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं पर कार्य कर रहा है। बृजमोहन अग्रवाल द्वारा लोकसभा में पूछे गए सवाल पर पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जानकारी दी है। जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ समिति संपूर्ण भारत में घरेलू पर्यटन 2020 कोरोना महामारी से पहले के स्तर पर पहुंच चुका है। विदेशी पर्यटकों की संख्या भी इस वर्ष महामारी पूर्व के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत राज्य में बिलासपुर और जगलपुर को चिन्हित किया गया है।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

सफलता के सूत्र:- ★ संकल्प ★ साधना ★ समर्पण
छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित
स्व. कमला देवी नकछेद प्रसाद स्मृति
अग्रसेन महाविद्यालय
[NAAC Accredited, Recognised Under UGC Act 2(f) & 12B]
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार वि.वि. से संबंद्ध
उपलब्ध पाठ्यक्रम...
ADMISSION OPEN
▶ MBA 2YEAR (MEDIA MANAGEMENT)
▶ MJ (MASTER OF JOURNALISM) 2YEAR
▶ B.Com ▶ M.Com ▶ BBA ▶ Ph.D Commerce
▶ DCA ▶ PGDCA ▶ BCA ▶ B.Sc. Computer Science
▶ MSW ▶ PGDJ ▶ BA JMC ▶ B.Sc. Electronic Media
▶ PGD IN YOGA
विशेष छात्रवृति छुट
सत्र 23-24 में कक्षा 12वीं में उत्तीर्ण छात्रों को शिक्षण शुल्क में छुट..
75% से 85% अंक - 25%
85.01% से 95% अंक - 50%
95.01% व अधि अंक- 75%
जैतुसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
0771 4904913, 7777884998, 8871007980, 9229207980
WIFI CAMPUS I E-LIBRARY WITH 96000 E-BOOKS I SEMINAR & WORK SHOPS I PDP & ENGLISH CLASSES.

## खबर संक्षेप



### प्रदेश कुनबी समाज ने किया गुरुजनों का सम्मान

**रायपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर छग प्रदेश कुनबी समाज महासंगठन छत्तीसगढ़ ने कुनबी समाज के वरिष्ठ गुरुजनों को छत्रपति शिवाजी भवन गोंदवारा रायपुर में सम्मानित किया। इस दौरान वरिष्ठजनों ने कहा, आज हम गुरु-शिष्य की परंपरा को भुलाते जा रहे हैं। ऐसे में सामजिक कार्य में अपनी भूमिका निभाने वाले सभी वरिष्ठ गुरुजनों के मार्गदर्शन से समाज एकजुटता के साथ खड़ा है। इस सम्मान पर समाज के वरिष्ठ नागरिकों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश कुनबी समाज महासंगठन छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में हुआ। प्रदेश सचिव अमित डोये ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की पूजा कर किया गया।

### छग झेरिया समाज की आमसभा, प्रस्ताव पारित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की आमसभा जांजगीर में हुई, जहां सभी प्रस्तावों को ध्वनिमत से पारित किया गया। महादेवघाट रायपुर में 1.20 करोड़ की लागत से नवनिर्मित यादव छात्रावास समाज के शैक्षणिक विकास के लिए बड़ी उपलब्धि है। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की 26वीं आमसभा गत रविवार को जांजगीर के नगरपालिका परिषद सांस्कृतिक भवन में प्रदेश के पदाधिकारी जांजगीर चांपा, सक्ती, रायगढ़, कोरबा व बिलासपुर के सभी ब्लॉक, तहसील, महानगर, नगर, परिक्षेत्र व केंद्र स्तर के सामाजिक पदाधिकारी एवं संस्था के सभी पंजीकृत सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई।

## निधन

### सतानंद दुबे

**रायपुर।** कंचनगंगा कॉलोनी फेस -1 निवासी सेवानिवृत्त सेल्स टेक्स आफिसर सतानंद दुबे (94) का 25 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार, 25 जुलाई को महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे संजय दुबे, स्व. अजय दुबे व आलोक दुबे के पिता थे।



### संजय मोतलग

**रायपुर।** देवेंद्र नगर सेक्टर-1 निवासी संजय सुरेशचंद्र मोतलग का 25 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 जुलाई को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुधा मोतलग माता के पुत्र, सविता मोतलग के पति, सर्वेश मोतलग तथा श्री मोतलग के पिता थे।



### फरहान राज

**रायपुर।** नयापारा डबरी निवासी फरहान राज का 23 जुलाई को निधन हो गया। उन्हें सुपुर्दे ए खाक मौहदापारा कब्रिस्तान में किया गया। वे मोहम्मद सलीम राज के पुत्र थे।



# रेल मंत्री ने कहा- छग की ट्रेनों में जनरल कोच की कमी, एक साल में दूर होगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की एक्सप्रेस ट्रेनों में जनरल कोच की कटौती से यात्रियों को होने वाली समस्या को हरिभूमि ने प्रमुखता से उजागर किया है। बजट के बाद बुधवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए जुड़े। राज्यवार जानकारी देते हुए जब छत्तीसगढ़ की बारी आई, तो उन्होंने यहां की जनता की परेशानी को लेकर महत्वपूर्ण बात कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की ओर से एक समस्या ट्रेनों में जनरल कोच की कमी को लेकर आ रही है। हमने इस परेशानी को समाप्त करने की योजना बनाई है। आने वाले एक वर्ष में 2,500 जनरल कोच बनाए जाएंगे। इससे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली ट्रेनों में जनरल कोच की संख्या बढ़ेगी और आम रेल यात्रियों को इसकी सुविधा मिलेगी। आगे भी जनरल कोच के मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा टारगेट है। हरिभूमि ने 23 जून के अंक में एक्सप्रेस और मेल ट्रेनों में 6 जनरल डिब्बों का नियम, हकीकत में मिल रहे केवल चार शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। रेलमंत्री ने भी छत्तीसगढ़ में यात्रियों की समस्या को गंभीरता से लिया है।

**अलग खबर**

## हरिभूमि ने छत्तीसगढ़ के एक्सप्रेस और मेल ट्रेनों के जनरल कोच में कटौती का उठाया था मुद्दा

### जोन से कहा- प्रयास करे ट्रेन रद्द करना न पड़े

वीडियो कॉन्फ्रेंस में उनका कहना था कि छत्तीसगढ़ में 37 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। रेल विकास के लिहाज से किसी राज्य में एक साथ इतनी बड़ी-बड़ी परियोजनाओं पर काम चलना बड़ी बात है। नई लाइन के साथ दूसरी, तीसरी व चौथी लाइन बिछाने के लिए रेलवे का अमला 24 घंटे डटा हुआ है। इसके कारण ट्रेनें रद्द करनी पड़ रही हैं। जाहिर है कि इससे आम जनता को परेशानी भी हो रही है, लेकिन आने वाले दिनों में जब अधोसंरचना से जुड़े यह काम पूरे हो जाएंगे, आम यात्रियों को लंबे समय के लिए राहत मिलेगी। उन्होंने कान्फ्रेंस के दौरान आम जनता से सहयोग भी मांगा। इसके अलावा यह जानकारी भी दी कि हमने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अलावा सीमा से लगे दूसरे जोन को कहा कि कार्य इस तरह पूरा करें कि कम ट्रेनों का परिचालन प्रभावित करना पड़े।


एक्सप्रेस और मेल ट्रेनों में 6 जनरल डिब्बों का नियम, हकीकत में मिल रहे केवल चार

- नवंबर में 20 से अधिक ट्रेनों में लगेगा जनरल कोच फिर भी नहीं मिलेगी 6 कोच की सुविधा
- रेलवे ने पहले जिन ट्रेनों से घटाया था जनरल कोच अब उसे फिर लगा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कमाई बढ़ाने जनरल कोच घटाकर कर रहे हैं कटौती

कोच लगाने के बाद भी नहीं होंगे 6 जनरल कोच

### दिल्ली तक वंदे भारत चलाने की तैयारी

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू की मांग पर बिलासपुर से दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रही है। पिछले दिनों साहू ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर बिलासपुर से दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग की थी। इसके बाद रेल बजट में इसका प्रावधान किया गया है। जानकारी के अनुसार शुरुआत में सीटिंग वंदे भारत के बाद स्लीपर वंदे भारत चलाने की योजना बनाई गई है। बिलासपुर से हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत की शुरुआत होने से छत्तीसगढ़ से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को लाभ मिलेगा।

## खाद्य अधिकारी ने किया राशन दुकानों का औचक निरीक्षण

# राशन दुकान कहीं बंद तो कहीं मिला स्टॉक में अंतर, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर में संचालित उचित मूल्य की दुकानों को कई संचालक मनमाने ढंग से चला रहे हैं। दुकान को खोलने व बंद करने का कोई टाइम टेबल तय नहीं है। संचालक अपनी सुविधा को देखते हुए दुकान खोलते और बंद करते हैं। हरिभूमि ने इसे लेकर कई बार प्राथमिकता से खबर भी प्रकाशित की है। इस खबर का असर अब देखा जा रहा है। खाद्य विभाग के नवनियुक्त खाद्य नियंत्रक अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा हरिभूमि की खबर को संज्ञान में लेते हुए शहर में संचालित राशन दुकानों का निरीक्षण करने लगे हैं। इस निरीक्षण के दौरान गुरुवार को एक दुकान बंद मिली, वहीं एक दुकान में चावल का स्टॉक कम पाया गया। इन दोनों दुकान संचालकों पर कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया है।

जिला खाद्य नियंत्रक के नेतृत्व में विभाग की टीम ने गुढ़ियारी क्षेत्र में संचालित राशन दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रामनगर में संचालित आईडी क्रमांक 441001322 की राशन दुकान बंद मिली। इस दुकान के संचालक को जब मोबाइल पर संपर्क साधा गया, तो वह दुकान न खोलने का बहाना बनाने लगा। इस पर अधिकारी ने संचालक को फटकार लगाई और नोटिस देते हुए इसका 2 दिन के भीतर जवाब मांगा गया। इस दुकान के अलावा अशोक नगर में संचालित आईडी 441001334 दुकान के निरीक्षण के दौरान जब ऑनलाइन साफ्टवेयर और दुकान में पड़ा चावल स्टॉक का मिलान किया गया, तो करीब 3 से 4 क्विंटल कम पाया गया। इस मामले में इस दुकान संचालक को भी नोटिस जारी किया गया है।

### शहर की दुकानों में ज्यादा दिक्कत

ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में राशन दुकान संचालकों की मनमानी ज्यादा देखने को मिल रही है। इसके कारण अमलीडीह, तेलीबांधा, फुंडहर, सड्डू, गुढ़ियारी आदि क्षेत्र में संचालित कई राशन दुकानें न ही समय पर खुल रही हैं न समय पर बंद हो रही हैं।

### संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर करेंगे निलंबन

इन दोनों मामले में संचालकों का अगर संतोषजनक जवाब नहीं आया, तो उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।
**-भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक अधिकारी

# शहर के 70 वार्डों में कल से जनसमस्या निवारण शिविर, लाउडस्पीकर से मुनादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पखवाड़ेभर तक नागरिक समस्याओं का होगा निराकरण

शहरवासियों की जन समस्या को वार्ड स्तर पर निराकरण करने 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जन समस्या निवारण शिविर लगाया जायेगा। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रखा गया है। प्रत्येक वार्ड में एक शिविर लगाया जायेगा, जिसमें नगर निगम सहित विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी जनसमस्या का स्थल पर निराकरण करने उपस्थित रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, विनोद पांडे और अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा सहित जोन कमिनरों की उपस्थिति में बैठक लेकर निर्देश दिये। जन समस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत नागरिक समस्याओं का निराकरण करने नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के संबंध में आम जनता को जानकारी देने लाउड स्पीकर के माध्यम से सार्वजनिक मुनादी कराई जायेगी। इसके साथ प्रचार-प्रसार के लिए बैनर-पोस्टर, वॉल राइटिंग का कार्य कराया जा रहा है। शिविर में नल कनेक्शन, राशनकार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, भवन निर्माण अनुज्ञा, अनापत्ति प्रमाणपत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण का निराकरण किया जायेगा। नल लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों, गलियों की सफाई, कचरे की सफाई, परिवहन, टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गडढ़े पाटना, स्ट्रीट लाइट संबंधी समस्या के आवेदन लिये जायेंगे। शिविर में करदाताओं को करों का भुगतान वार्ड में करने की सुविधा उपलब्ध कराने निगम आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है।

### वार्डवार शिविर इस तरह से

0 27 जुलाई जोन 1 के बंजारी माता वार्ड में पार्षद निवास के सामने भनपुरी, जोन 2 में हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड के जोन 2 कार्यालय परिसर में, जोन 3 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड में पार्षद कार्यालय आदर्श नगर में शिविर,जोन 4 के सिविल लाइन वार्ड अंबेडकर भवन, जोन 5 ठाकुर प्यारेलाल वार्ड के जोन कार्यालय में, जोन 6 शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के हरदेवलाला मंदिर टिकरापारा में, जोन 7 शहीद मनमोहन सिंह वार्ड के मोतीलाल नगर स्थित सामुदायिक भवन स्टेडियम के पास, जोन 8 के वीर सावरकर वार्ड स्थित हीरापुर सामुदायिक भवन में शिविर लगाया जायेगा।
इसी तरह 28 जुलाई को प्रातः 10 बजे से जोन 2 के इंदिरा गांधी वार्ड के लायंस क्लब, 29 जुलाई को जोन 1 के यतियतन लाल वार्ड के पाटीदार भवन भनपुरी में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित है। इसी तरह जोन 2 के दानवीर भामाशाह वार्ड के मिनीमाता भवन, जोन 3 कालीमाता वार्ड के पार्षद कार्यालय खपराभट्ठी, जोन 4 के पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के वार्ड कार्यालय दुर्गा पंडाल सामुदायिक भवन में शिविर लगाया जायेगा।
इसी तरह 29 जुलाई को ही जोन 5 के पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के डीडीनगर सेक्टर 2 सामुदायिक भवन, जोन 7 के सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के कर्मा सामुदायिक भवन दिशा कालेज के सामने शिविर आयोजित है। जोन 8 के पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के कबीर नगर सामुदायिक भवन, जोन 9 के कुशाभाउ ठाकरे वार्ड के पटेल भवन, जोन 10 गुरु घासीदास वार्ड के सिंधी धर्मशाला गली नंबर 5 तेलीबांधा में जन समस्या निवारण शिविर लगाया जायेगा। इसी तरह पखवाड़े भर चयनित जगहों पर शिविर जनसुविधा के लिए आयोजित किये जायेंगे।

# गुमास्ता लाइसेंस नहीं रखने पर मिल्क पार्लर को किया सीलबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- कबाड़ी दुकान संचालकों पर कचरा फैलाने के लिए जुर्माना

नगर निगम जोन अमले ने गुरुवार को सिविल लाइन में गुमास्ता लाइसेंस नहीं रखने और संपत्ति कर भुगतान में कोताही बरतने पर 3 मिल्क पार्लर को सीलबंद किया। इसी तरह रावणपुतला के पास मार्ग में कचरा फैलाने की शिकायत सही पाये जाने पर कबाड़ी दुकान संचालक पर 15 हजार रुपये सड़क बाधा शुल्क के रूप में जुर्माना किया। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश पर जोनवार नगर निवेश और राजस्व विभाग की टीम जन शिकायतों पर कार्रवाई कर रही है। जोन 10 क्षेत्र के पुरैना, डुंडा, बोरियाखुर्द मार्ग पर कचरा फैलाने की शिकायत मिलते ही उसे संज्ञान में लेकर सिविल लाइन में न्यू सर्किट हॉउस के सामने दर्जनभर अवैध ठेले, गुमटी हटाये गये। गुमास्ता लाइसेंस नहीं रखने और संपत्ति कर जमा नहीं करने पर 3 देवभोग मिल्क पार्लर दुकानों को सीलबंद करने की कार्रवाई की। जोन 10 की टीम ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड के अमलीडीह स्थित कबाड़ी दुकान ओम ट्रेडर्स पर 15 हजार रुपये, मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड के रिंग रोड नम्बर 1 पुरैना में बच्चा कबाड़ी दुकान पर 10 हजार रुपये, कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड में डुंडा स्थित कबाड़ी दुकान संचालक पर 20 हजार रुपये, एमके प्लास्टिक मेराज खान बोरियाखुर्द पर 20 हजार रुपये, मातारानी ट्रेडर्स पुराना धमतरी रोड बोरियाखुर्द पर 20 हजार रुपये कचरा फैलाने पर जुर्माना किया गया।

# बारिश की ऐसी मार, कम हो गया डूमरतराई में रोज 8 करोड़ का कारोबार, व्यापारी परेशान

12 करोड़ का कारोबार 4 करोड़ में सिमटा, थोक सब्जी बाजार के कारोबार पर असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून में लगातार हो रही झमाझम बारिश के कारण जुलाई के इस माह में राजधानी रायपुर के थोक से लेकर चिल्हर बाजारों पर भारी असर पड़ रहा है। डूमरतराई थोक बाजार में रोज का करीब 12 करोड़ का कारोबार होता है, जो सिमट कर 40 फीसदी हो गया है। यानी रोज 8 करोड़ का कारोबार प्रभावित हो रहा है। जुलाई में ऐसा आमतौर पर नहीं होता। कारोबारी खुद समझ नहीं पा रहे हैं कि ऐसा क्यों हो रहा है। बीते साल भी कारोबार प्रभावित हुआ था, लेकिन उस समय लगातार बारिश के कारण रास्ते बंद हो गए थे, लेकिन अभी ऐसी स्थिति नहीं है। इसके बाद भी कारोबार आधे से भी कम हो गया है। सब्जी मंडी की स्थिति इस समय ठीक है, वहां का कारोबार पहले की तरह चल रहा है। राजधानी रायपुर का डूमरतराई थोक बाजार प्रदेश का सबसे बड़ा बाजार है। यहां से किराना का सामान अपने प्रदेश के सभी जिलों के साथ ही ओडिशा, झारखंड और बिहार भी जाता है, लेकिन इस समय सभी स्थानों के लिए माल बहुत कम जा रहा है। जिन शहरों में रोज तीन ले चार ट्रक माल जाता था, वहां मुश्किल से एक-दो ट्रक ही माल जा रहा है। डूमरतराई का 50 फीसदी से ज्यादा कारोबार ओडिशा से होता है। वहां इस समय मुश्किल से 15 से 20 फीसदी माल ही जा रहा है। प्रदेश के शहरों के लिए भी माल का उठाव कम है। जहां तक बाहर से आने वाले माल का सवाल है, तो बाहर से माल आने में कोई परेशानी नहीं है, लेकिन डिमांड कम होने के कारण माल कम मंगाया जा रहा है।

### थोक कारोबारी कर रहे फोन

आमतौर पर सामान्य समय में थोक कारोबारियों के पास प्रदेश के कई शहरों से रोज माल की डिमांड के लिए फोन आते हैं कि कौन-कौन सा सामान कितना भेजना है, लेकिन इस समय स्थिति यह है कि थोक कारोबारियों को चिल्हर कारोबारियों को फोन करके पूछना पड़ रहा है कि माल क्यों नहीं मंगा रहे है। चिल्हर कारोबारियों की तरफ से जवाब मिल रहा है कि बाजार मंदा है, पुराना स्टॉक ही समाप्त नहीं हो रहा है तो नया कैसे मंगाए।




### 60 फीसदी कारोबार

जुलाई में पहली बार 60 फीसदी कारोबार प्रभावित हो गया है। ऐसी मंदी पहले कभी नहीं रही है। कारण कुछ समझ नहीं आ रहा है। बारिश भी अभी ज्यादा नहीं है। माल आने-जाने में परेशानी नहीं है, लेकिन डिमांड ही कम हो गई है।
**- राम मंधान,** अध्यक्ष, डूमरतराई थोक बाजार

### महंगाई का बड़ा असर

*चिल्हर कारोबारियों का एक स्वर में कहना है कि महंगाई का भी बड़ा असर है। हर सामान महंगा होता जा रहा है। जो ग्राहक पहले एक माह से ज्यादा का सामान लेते थे, वो अब मुश्किल से एक सप्ताह या 15 दिनों का ही सामान ले रहे हैं। मध्यम वर्ग अब ज्यादा घरों में ज्यादा स्टॉक नहीं कर पा रहा है, क्योंकि उनका बजट बहुत ज्यादा बढ़ गया है।*

### सब्जी मंडी में रौनक कायम

*थोक सब्जी मंडी में एक टमाटर को छोड़कर बाकी सब्जियों की आवक में कोई कमी नहीं आई है। इसी के साथ कारोबार पर भी असर नहीं पड़ा है। डूमरतराई थोक सब्जी मंडी में रोज डेढ़ से दो करोड़ का कारोबार होता है, जो हो रहा है। यहां पर 20 से 25 ट्रक टमाटर रोज आते हैं, लेकिन इस समय महज 10 से 12 ट्रक ही आ रहे हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि टमाटर की कीमत लगातार आसमान पर जा रही है। बाकी सब्जियां पहले की तरह आ रही हैं। थोक सब्जी मंडी के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी के मुताबिक हमारे कारोबार अभी प्रभावित नहीं हुआ है। कहीं से माल आने और जाने में परेशानी नहीं है।*

### // आम सूचना //

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद जिला - रायपुर**
जारी दिनांक 10/07/2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की आवेदक श्री विजय कुमार मोटवनी पिता/ पति स्व. सुखुमल मोटवनी निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम बहानाकाडी पटवारी हल्का नम्बर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 190/15 रकबा 0.312 हे. का बटांकन दिनांक 26/07/2024 को समय 01 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत उक्त बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 13 के बहानाकाडी में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मन्दिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/ आपत्ती पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक
मंदिर हसौद**

## पेज 11 के शेष

### सरकार का फैसला, अधूरा...

तत्कालीन मुख्यमंत्री के निर्देश पर शास्त्री चौक पर पैदल चलने वाले यात्रियों की गणना की गई थी। उस समय अक्टूबर-2016 में पाया गया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर चिकित्सालय चौक पर 14 हजार और शास्त्री चौक पर 27 हजार पैदल चलने वाले यात्री निकलते हैं। मई-2019 में दोबारा गणना के दौरान डॉ. भीमराव अम्बेडकर चिकित्सालय चौक पर पैदल निकलने वाले यात्रियों की संख्या 25 हजार और शास्त्री चौक पर 35 हजार से अधिक थी, जो कि पहले की गणना से चलने वाले यात्रियों की संख्या से अधिक थी।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में...

एवं निजी भूमि के सम्पूर्ण विवरण तथा चौड़ीकरण के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने के लिए विकल्प एवं अनुशंसा प्रस्तुत करेगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इस समिति का गठन किया जाएगा।

### शारदा चौक से तात्यापारा...

के छूटे हिस्से का चौड़ीकरण किया जाना आवश्यक है। विस्तृत चर्चा के बाद बैठक में निर्णय लिया गया कि शास्त्री चौक से तात्यापारा चौक के मध्य की सड़क को तात्यापारा चौक से आजाद चौक तक सड़क चौड़ीकरण जिस रूपांकन एवं चौड़ाई में किया गया है, उसी प्रकार शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक सड़क चौड़ीकरण किया जाए, ताकि मार्ग में एकरूपता बनी रहे।

### बदल गए 21 वार्ड...

मर्ज कर दिया गया है। रायपुर नगर निगम में यह वार्ड क्रमांक 35 के रूप में जाना जाता रहा। अब वार्ड क्रमांक 51 को इसी नाम से रखा गया है। इस वार्ड में ऐश्वर्या अंपायर छोकरा नाला के पीछे से होते हुए विशाखापटनम रेलवे लाइन अमायरा कालोनी, सिल्वर स्प्रिंग के पीछे एक्सप्रेस वे मिलन बिंदु छोकरा नाला होते हुए गौरव गार्डन वीआईपी रोड और वीआईपी चौक करंसी टॉवर का क्षेत्र होगा।

### गर्ल्स हॉस्टल संचालिका...

विरोध किया, तो टीआई ने संचालिका के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की और वहां रह रही युवती के साथ छेड़खानी की। घटना का सीसीटीवी फूटेज भी सामने आया है। कोर्ट ने सीसीटीवी फूटेज तथा गवाहों के बयान के आधार पर टीआई को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है।

### अमनदीप से कुछ...

व्यवस्था कहां से की गई, इस संबंध में पुलिस को अब तक कोई जानकारी हाथ नहीं लगी है। पुलिस को बस इतनी जानकारी है कि झारखंड के बदमाश शाहिद ने पंजाब के बदमाश चमन सिंह के अकाउंट में रकम ट्रांसफर किया। इसके बाद चमन सिंह ने उक्त रकम एक शूटर के अकाउंट में ट्रांसफर किया है।

### रेलवे ट्रेन में यात्रियों को...

किए गए। यात्रियों को बताया गया कि यदि आप आग को नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं, तब पास के अग्निशमन केंद्रों को संपर्क करें। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 112 को मुंह जुबानी याद रखने की सलाह भी दी गई। वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना और किसी भी आकस्मिक अग्निकांड की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह के जागरूकता अभियानों से यात्रियों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे आपातकालीन स्थितियों से निपटने में अधिक सक्षम होंगे।




MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount For BPL Card Holder
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
- Spoken English & Personality Development Classes
- Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal Attention on each students
- Scholarship will be provided for students coming from
- other schools who score above 90% • Robotics and Science laboratory • Sports and Curriculum Activities
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 0771-4000123, 9425214413, 9329621221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount For BPL Card Holder
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
● Extra curricular activities ● Personal attention to each student Limited student in each class ● Music, Dance, personality development classes ● Yoga
● Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) 0771-4913336, 9425214413, 9329621221 Email:- rpsraipur123@gmail.com

# विश्व धरोहर समिति को पसंद आया छत्तीसगढ़ का पर्यटन, प्राचीन धरोहर से हुई रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

दिल्ली के भारत मंडपम में भारत प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जिसमें 196 देशों के के लगभग 2500 प्रतिनिधि ने हिस्सा लेने पहुंचे हैं। इसमें छत्तीसगढ़ से पर्यटन विभाग ने भी हिस्सा लिया है।

प्रदर्शनी में विभाग के स्टॉल के जरिए छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों के साथ प्राचीन मंदिरों के इतिहास और धरोहर की विस्तार में जानकारी मिल रही है। प्रदर्शनी में विश्व धरोहर समिति के प्रतिनिधियों को भी छत्तीसगढ़ की खूबसूरती ने आकर्षित किया है। प्रतिनिधियों ने स्टॉल पहुंचकर छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की जानकारी ली। इस दौरान राजवंशों के धरोहर और उनसे जुड़े इतिहास से रूबरू हुए। मैनपाट में तिब्बती समुदाय के अलावा गौतम बुद्ध से जुड़े धरोहर की भी जानकारी ली। बस्तर में आदिवासी संस्कृति और चित्रकूट, तीरथगढ़ वॉटरफॉल को पसंद किया गया।

पर्यटन के साथ छत्तीसगढ़ के धरोहर की जानकारी ने भी चौंका दिया। विश्व धरोहर समिति को छत्तीसगढ़ आने के लिए आमंत्रित किया गया।

### भारत मंडपम में छत्तीसगढ़ पर्यटन के स्टाल में पहुंचे विश्व धरोहर समिति के प्रतिनिधि

#### पर्यटन को मिल रहा बढ़ावा

भारत प्रदर्शनी के जरिए छत्तीसगढ़ के पर्यटन से लोगों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। फोटो और वीडियो के जरिए पर्यटकों के लिए सुविधा और पर्यटन स्थलों के दिखाया जा रहा है। प्रदर्शनी में पहुंच रहे देश के साथ विदेशी पर्यटकों को भी यह आकर्षित कर रहा है। हिल स्टेशन में चिल्फी, मैनपाट और बस्तर में छत्तीसगढ़ का प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में लोगों अधिक जानकारी ले रहे हैं। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक प्रदर्शनी में हिस्सा लेने छत्तीसगढ़ पर्यटन के बारे में अधिक लोगों को जानकारी मिल रही है।



- प्रतिनिधियों ने स्टॉल पहुंचकर छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की जानकारी ली
- विश्व धरोहर समिति को छत्तीसगढ़ आने के लिए किया आमंत्रित

#### चख रहे छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद

भारत मंडपम में लोगों को छत्तीसगढ़ के पर्यटन के साथ छत्तीसगढ़ के व्यंजनों का भी स्वाद चखाया जा रहा है, जो लोगों द्वारा पसंद किया जा रहा है। स्टॉल में ठेठरी, खुरमी समेत अन्य नमकीन व्यंजनों का स्वाद लोगों को चखा रहे हैं। दूसरे राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ के स्टॉल में भी लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है।

## खबर संक्षेप



### नेत्र शिविर में निशुल्क जांच का उठाया लाभ

**रायपुर।** गौरीशंकर सेवा समिति एवं वी फॉर नेशन के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क आंखों की जांच के लिए शिविर पेंशनबाड़ा सामुदायिक भवन में लगाया गया। समिति के सचिव संतोष हियाल ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि इस दौरान सिटी हॉस्पिटल के डॉ. मनीष श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने करीब 100 लोगों की जांच की तथा चश्मे का नंबर व मोतियाबिंद की जानकारी दी। इस मौके पर कराटे खिलाड़ी तोशी पांडे को समिति के संस्थापक दुर्योधन पनका ने प्रोत्साहन राशि 7000 रुपए प्रदान की। शिविर के दौरान समिति के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, कोषाध्यक्ष सुधीर बाघ, राजेश सिक्का, गौरी नायक, गरिमा कश्यप, वी फॉर नेशन के प्रमुख सुनील श्रीवास्तव, जेएस ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कार वितरण आज

**रायपुर।** एनसीसी ट्रेनिंग नोड लखौली आरंग में थल सैनिक शिविर - 1 में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। शुक्रवार को ऑडिटोरियम हॉल में सुबह 10.30 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। थल सैनिक शिविर में मध्यप्रदेश से 281 तथा छत्तीसगढ़ से 57 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 22 से 31 जुलाई तक लगाया गया है, जहां मैप रीडिंग, आब्सटिकल, हेल्थ एंड हाईजिन टेंट पीचिंग, जाजिंग डिस्टेंस, फील्ड सिग्नल एवं लाइन एरिया का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनसीसी निदेशालय मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ भोपाल के उपमहानिदेशक ब्रिगेडियर रजनीश गौर करेंगे।

### रात्रि लहरी को पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा रात्रि लहरी को वाणिज्य संकाय के अंतर्गत छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल का कार्य निष्पादन एवं संभावनाएं विषय में पीएचडी प्रदान की गई है। रात्रि ने अपना शोधकार्य कल्याण पीजी कॉलेज भिलाई के सहायक प्राध्यापक डॉ. रवीश कुमार सोनी के निर्देशन में पूर्ण किया।



### कारगिल विजय दिवस आज शहीद जवानों को करेंगे याद

**रायपुर।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना के शूरवीरों, योद्धाओं एवं शहीदों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। निरंजन सिंह यादव ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः 11 बजे छग प्रगतिशील यादव महासंघ कार्यालय स्थित शहीद स्मारक भवन परिसर में कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर जवानों को पुष्पांजलि देने एवं नमन करने के पश्चात कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के लिए कलेक्ट्रेट की ओर प्रस्थान करेंगे।

### विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान, जिससे अधिक किसानों को मिल सके लाभ

# खरीफ के लिए पिछले साल 42 हजार किसानों का बीमा, इस साल संख्या बढ़ने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पिछले वर्ष 2023 में 42 हजार से अधिक किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा कराया था। यह संख्या इस साल और बढ़ सकती है। विभाग को इस बार फसल बीमा कराने का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा का मिला है।

इसे देखते हुए विभाग ने जिले में जागरूकता अभियान भी चलाया, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों को इस योजना का लाभ मिल सके। प्राकृतिक आपदा के कारण फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई किसान फसल बीमा से मिलने वाले मुआवजा से ही कर सकता है। बीमा नहीं कराया तो मुआवजा भी नहीं मिल पाएगा। हालांकि पिछले कुछ वर्षों का आंकड़ा बताता है कि फसल बीमा कराने वाले किसानों की संख्या कभी घटी तो कभी बढ़ी है।

#### वर्ष 2022 की तुलना में 2023 में फसल बीमा की संख्या बढ़ी

विभागीय कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पिछले कुछ साल में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमा कराने वाले किसानों की संख्या कभी घटी तो कभी बढ़ी है। वर्ष 2021 में बीमित किसानों की 43213 थी, जबकि वर्ष 2022 में संख्या घटकर 41185 पहुंच गई थी। वर्ष 2023 में बीमा कराने वाले किसानों की संख्या बढ़कर 42111 हो गई। यह संख्या वर्ष 2021 की तुलना में 926 ज्यादा है। पिछले वर्ष बीमित किसानों की संख्या बढ़ने से विभागीय अधिकारी भी चालू वर्ष में बीमा कराने वाले किसानों की संख्या बढ़ने का अनुमान लगा रहे हैं।

#### इन कंपनियों के माध्यम से हो रहा बीमा

भारत सरकार ने प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनी व बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी को बीमा कराने के लिए नियुक्त किया है। छत्तीसगढ़ में भी इन कंपनियों को खरीफ 2024 सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत फसलों के लिए बीमा की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत धान (सिंचाई और गैर-सिंचाई वाला), मक्का, काला चना, अरहर दाल, हरी मूंग दाल, मूंगफली, सोयाबीन, कोडो, कुटकी और रागी जैसी विभिन्न प्रकार की फसलों के लिए व्यापक बीमा प्रदान किया जा रहा है।



#### 31 जुलाई को अंतिम तारीख

खरीफ फसल के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तारीख 31 जुलाई निर्धारित की गई है। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को निर्धारित तारीख से पहले बीमा कराना होगा।

#### आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है बीमा

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एक अच्छी पहल है। यह किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। हमारी प्रतिबद्धता केवल व्यापक कवरेज प्रदान करना नहीं, बल्कि सुनिश्चित करना है।

**- आशीष अग्रवाल,** कृषि बिजनेस प्रमुख, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस

#### नुकसान को कम व आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है बीमा

बीमा से किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के साथ उनके नुकसानों को कम करता है। बीमा अप्रत्याशित प्राकृतिक घटना जैसे तूफान, बाढ़, सूखा और कीट हमले जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण उपज को होने वाले नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति प्रदान करता है। इस तरह बीमा राशि के 25 प्रतिशत तक कवरेज प्रदान करता है। कटाई के बाद हुए नुकसान को भी फसल बीमा ऑफर के तहत कवर किया जाता है। इसके साथ ही यह पॉलिसी स्थानीय आपदाओं जैसे बाढ़, ओलावृष्टि, प्राकृतिक आग और बिजली के कारण खेतों को हुए नुकसान को भी कवर करती है।

# 9 कैरेट सोने के जेवरों में हॉलमार्किंग पर सहमति नहीं, चांदी में संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देश में 9 कैरेट सोने के जेवरों में हॉलमार्किंग करने को लेकर बीआईएस की हॉलमार्किंग कमेटी और आल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन के पदाधिकारियों के बीच सहमति नहीं बन सकी है। बीआईएस की मंशा 9 कैरेट के जेवरों में हॉलमार्किंग की है, लेकिन ज्वेलर्स फेडरेशन ने यह कहते हुए इसका विरोध कर दिया है कि देश में 14 कैरेट से कम के जेवरों में ग्राहकों की रुचि नहीं है। चांदी के जेवरों पर जरूर हॉलमार्किंग को लेकर सहमति बनी है। आने वाले समय में इसको लागू किया जाएगा।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत बीआईएस की हॉलमार्किंग कमेटी की दिल्ली में आल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें कमेटी के 10 में से छह सदस्यों ने जरूर 9 कैरेट सोने के जेवरों पर हॉलमार्किंग पर सहमति जताई, लेकिन फेडरेशन के पदाधिकारियों ने इसका विरोध किया और 9 कैरेट के जेवरों पर हॉलमार्किंग का आधार जानना चाहा तो कहा गया, ऐसा ग्राहकों की मांग है, लेकिन कमेटी इसको लेकर कोई डाटा प्रस्तुत नहीं कर सकी। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने साफ कहा, भारत में 9 कैरेट के सोने के जेवरों में किसी की रुचि नहीं है। ऐसा करना उचित नहीं है। इसके बाद इस मामले में कोई फैसला नहीं किया गया है।



- हॉलमार्किंग कमेटी की बैठक में राष्ट्रीय एसोसिएशन ने किया विरोध

*100 ग्राम तक के जेवरों पर मिल सकती है छूट : राजधानी रायपुर के सराफा कारोबारी और रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक चांदी के जेवरों पर हॉलमार्किंग अनिवार्य होने पर इसमें सौ ग्राम तक के जेवरों को इससे अलग रखे जाने की संभावना है। सोने के जेवरों में भी दो ग्राम तक के जेवरों की हॉलमार्किंग जरूरी नहीं है। ऐसा होने से उन छोटे ग्राहकों को राहत रहेगी जो बिछिया, पायल, चूड़ी, गले की चैन आदि छोटे-छोटे जेवर 5 से 10 तोले तक के खरीदते हैं।*

#### नहीं बनी सहमति

बैठक में 9 कैरेट सोने के जेवरों पर हॉलमार्किंग को लेकर बात हुई है। इसको लेकर हमारे फेडरेशन ने विरोध किया है। इसको लेकर ग्राहकों की मांग का हवाला दिया गया, लेकिन कहीं कोई ऐसा डाटा नहीं है। चांदी में जरूर आने वाले समय में हॉलमार्किंग संभव है।

**- पंकज अरोरा,** अध्यक्ष, आल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन

#### चांदी के जेवरों पर संभावना कायम

अभी तक चांदी के हॉलमार्क जेवर बेचना अनिवार्य नहीं है। देश के कुछ राज्यों में जरूर कई सराफा कारोबारी बीआईएस से लाइसेंस लेकर हॉलमार्क जेवर बेच रहे हैं। ऐसे जेवरों में चांदी की शुद्धता 92.5% होती है। हॉलमार्किंग से चांदी के खोटे गहने बेचने वालों पर रोक लगाने के लिए बैठक में चर्चा की गई। इसको लेकर फेडरेशन की तरफ से कोई विरोध नहीं किया गया है। आने वाले समय में चांदी के जेवरों पर जरूर हॉलमार्किंग संभव है।

# सहकारी बैकों में सहकारिता विभाग के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने के प्रस्ताव पर रोक की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को सहकारी बैंक कर्मचारी संघ ने पत्र लिख कर सहकारी बैंकों में सहकारिता विभाग के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने के प्रस्ताव की प्रक्रिया को रोकने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश व्यास और महामंत्री राजेंद्र शर्मा ने पत्र में लिखा है, प्रदेश में एक अपेक्स बैंक एवं 6 जिला सहकारी बैंक हैं।

वर्तमान में प्रदेश में त्रिस्तरीय व्यवस्था लागू है, जिसे आपके मुख्यमंत्रित्व काल में द्विस्तरीय अल्पकालीन व्यवस्था का निर्णय सहकारिता के हित में लिया गया था, किंतु सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस सरकार द्वारा इस प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया था। इस समय भाजपा की सरकार प्रदेश में है, अतः पहले की सहकारी बैंकों में द्विस्तरीय व्यवस्था लागू किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

- विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को सहकारी बैंक कर्मचारी संघ ने लिखा पत्र

सहकारिता क्षेत्र के जिला सहकारी बैंक, जो प्रदेश की कृषि व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है, को सहकारिता विभाग द्वारा घुन की तरह खोखला करने के लिए लगातार षड़यंत्र किया जा रहा है, जिसके तहत उनके द्वारा सहकारिता के क्षेत्र की एक मात्र कार्यरत ईकाई सहकारी बैंक में अपने अधिकारी को प्रतिनियुक्ति में भेजने हेतु लगातार प्र्र्रयास किए जा रहे हैं। पूर्व में विरोध कर सहकारी बैंक कर्मचारी सेवा नियम में सहकारिता विभाग के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति हेतु किए जा रहे प्रावधान को रोका गया था, लेकिन हमें प्राप्त जानकारी के अनुसार सहकारिता विभाग के कुछ अधिकारियों द्वारा विभागीय मंत्री को भ्रामक जानकारी देते हुए अंधेरे में रखकर सभी जिला सहकारी बैंकों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर सहकारिता विभाग के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने की नियम एवं विधि-विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। अतः हमारा आपसे सादर निवेदन है कि सहकारिता विभाग के अधिकारियों को सहकारी बैंकों में प्रतिनियुक्ति पर भेजे जाने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाए एवं भविष्य में इस तरह के षड़यंत्रपूर्वक किसी भी कृत्य को रोकने हेतु कठोर निर्देष जारी कर प्रदेश के सहकारी आन्दोलन को मजबूत दिशा देते हुए प्रदेश के किसान हित में सहानुभूतिपूर्वक सहयोग प्रदान करने की कृपा करेंगे।

# वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर किया काम, नियमितीकरण की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मांग पूरी नहीं होने पर 11 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल

छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेश के 7 हजार दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर नियमितीकरण करने और सीधी भर्ती पर रोक लगाने की मांग को लेकर विरोध जताया।

शासन का ध्यान आकर्षित कराने लामबंद कर्मचारी 3 अगस्त तक काली पट्टी लगाकर काम करेंगे। प्रदेश महामंत्री रामकुमार सिन्हा ने बताया, मांग पूरी नहीं होने पर 11 अगस्त से वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेंगे।

इसमें वाहन चालक, कम्प्युटर आपरेटर, कार्यालय सहायक, दैनिक श्रमिक, तेन्दूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक शामिल रहेंगे। वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। संघ के प्रदेश पदाधिकारियों ने वन मंत्री से जगदलपुर सर्किट हाउस में मुलाकात की और उन्हें वन विभाग में वन रक्षक, वाहन चालकों के पदों पर हो रहे सीधी भर्ती पर रोक लगाने आग्रह किया। दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों ने गुरुवार को काली पट्टी लगाकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया। विरोध प्रदर्शन का यह सिलसिला 3 अगस्त तक चलता रहेगा। इसके बाद 4 अगस्त से मंत्रियों के बंगले का घेराव किया जायेगा। कर्मचारियों का कहना है, उन्हें श्रम सम्मान की 4 हजार रुपये की राशि भी नहीं दी गई है। नियमित रूप से वेतन का भुगतान नहीं होने की शिकायत भुक्तभोगी कर्मचारियों ने की है।

# गांजा तस्करी के आरोप में दो भाई सहित चार को 15 साल कैद, जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गरियाबंद थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी करने के आरोप में पकड़े गए चार आरोपियों को स्पेशल कोर्ट ने 15-15 वर्ष कैद के साथ डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई पंकज कुमार सिन्हा की स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट में हुई है। कोर्ट ने जिन आरोपियों को सजा सुनाई है, वो सभी उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं।

विशेष लोक अभियोजक विनोद भारत के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर तीन अक्टूबर 2021 को डीआरआई की टीम ने आंध्रप्रदेश पासिंग ट्रक को रोक कर जांच की, तो उसमें मुरमुरा के बीच में गांजा मिला। कोर्ट ने गांजा तस्करी करने के आरोप में भूपेन्द्र सिंह, चंद्रवीर सिंह, उसका भाई अमित कुमार तथा डोरीलाल को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पकड़े गए तस्कर ट्रक से आंध्रप्रदेश के रास्ते ओडिशा पहुंचे और वहां से गांजा लोड कर भवानीपटना होते हुए छत्तीसगढ़ के रास्ते उत्तरप्रदेश, मथुरा ले जा रहे थे। गांजा ट्रक को एक एसयूवी कार में सवार पांच से छह लोग फॉलो कर रहे थे। ट्रक रोके जाने पर एसयूवी सवार आरोपी फरार हो गए। डीआरआई ने ट्रक से 8 क्विंटल 33 किलो गांजा जब्त किया था।

#### तीन वर्ष पूर्व डीआरआई ने गरियाबंद के पास घेराबंदी कर पकड़ा था



## बिजनेस साइट

# एसएमसी हॉस्पिटल में दुर्लभ ट्यूमर का हुआ सफल इलाज



**रायपुर।** एसएमसी हॉस्पिटल में एक 26 वर्षीय युवती का सफल इलाज हुआ है। दरअसल एसएमसी हार्ट इंस्टिट्यूट एवं आईवीएफ रिसर्च सेंटर में युवती पेट में तीव्र दर्द की शिकायत लेकर पहुंची थी।

वह दो दिनों से खाना खाने एवं पानी पीने में भी असमर्थ थी। रात में भर्ती होने के पश्चात उसकी सोनोग्राफी रिपोर्ट देखने पर पता चला कि उसके एक अंडाशय में बड़ी गांठ (काम्प्लेक्स ओवेरियन ट्यूमर) है। जिसमें कैंसर होने का भी रिस्क रहता है।

जिसके बाद डॉ. प्रज्ञा सूर्यवंशी, डॉ. तुषार मालेवार और दक्ष ओटी टीम के द्वारा सफल ऑपरेशन कर मरीज के दूसरे अंडाशय को बचा लिया गया। अब मरीज पूरी तरह स्वस्थ है।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों ने की स्वास्थ्य मंत्री से भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ जन चिकित्सा कल्याण समिति, छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सक संघ के बैनर तले प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से बुधवार को उनके बंगले पर छत्तीसगढ़ के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा के सानिध्य में सौजन्य मुलाकात की।


डॉ. राधिका यादव ने बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सक संघ एवं अल्टरनेटिव चिकित्सक संघ के वकील डीपी जोशी ने भारत सरकार एवं सुप्रीम कोर्ट से संबंधित कंडिका, धारा से अवगत कराते हुए रजिस्ट्रीकरण अनुज्ञापन अधिनियम 1973 नर्सिंग होम एक्ट से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि उक्त अधिनियम की धारा 8 के अंतर्गत इन पर कार्रवाई नहीं की जा सकती। साथ ही नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण और कार्रवाई भी नहीं की सकती। मंत्री ने सभी बातों को ध्यान से सुनते हुए अपनी-अपनी पद्धति के तहत कार्य करने पर जोर देते हुए मामले का निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

डॉ. चोपड़ा ने भी इस पर सहमति जताई। मुलाकात के दौरान डॉ. अशोक दुबे, डॉ. दानीराम सिन्हा डॉ. भुनेश्वर साहू, डॉ. हरीश, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. रमेश कुमार सोनसायटी, एडवोकेट डीपी जोशी, डॉ. दिनेश जैन, डॉ. सूर्य प्रकाश साहू, डॉ. गुप्ता, डॉ. डीके साहू एवं अन्य पदाधिकारी, चिकित्सकों की उपस्थिति रही।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 26 जुलाई 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937


04 चेहरे पर शीशे सा निखार लाने करें ...

## लाइव इवेंट

### बीते पांच वर्षों से केले व सब्जी की जैविक खेती, हुए पुरस्कृत



**रायपुर।** प्रगति मैदान नई दिल्ली में 20 से 22 जुलाई तक अंतर्राष्ट्रीय कृषि एवं उद्यानिकी आधारित अंतर्राष्ट्रीय मेला लगाया गया। यहां जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए बस्तर अंचल के महिला कृषक को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं उद्यानिकी के क्षेत्र में नवाचार तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले छत्तीसगढ़ के पांच कृषकों को भी सम्मानित किया गया है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने उद्यानिकी के क्षेत्र में वनांचल क्षेत्रों सहित प्रदेश के किसानों को अंतर्राष्ट्रीय मेले में अवार्ड मिलने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। 3 दिवसीय एक्सपो में छत्तीसगढ़ उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी द्वारा स्टॉल लगाकर पुष्प, फल, सब्जी आदि की प्रदर्शनी लगाई गई। मशरूम के उत्पाद, प्रसंस्करण उत्पाद, महुआ तथा जामुन का जूस आदि भी स्टॉल में प्रदर्शनी एवं विक्रय के लिए रखा गया था। छग के स्टॉल में मुख्य आकर्षण का केंद्र जरेनियम की खेती रही। पॉली हाउस में आर्किड की खेती, ग्राफ्टेड बैंगन की खेती, ड्रैगन फ्रूट, काली मिर्च एवं चाय की खेती की विस्तृत जानकारी के साथ लगे डिस्प्ले को पढ़ने और उसकी अधिक जानकारी प्राप्त करने विभिन्न राज्यों के किसान स्टॉल में पहुंचे।

#### महिला कृषकों को आत्मनिर्भर बनने प्रेरणा

उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया, बस्तर के सुदूर अंचल के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में 1000 महिला कृषकों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देने एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने वाली महिला कृषक वेदेश्वरी शर्मा को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। उल्लेखनीय है कि 5 एकड़ खेत में उनके द्वारा पूर्ण जैविक खेती की जा रही है। बिलासपुर के ग्राम मल्हार के कृषक यदुनंदन प्रसाद वर्मा को विगत 5-6 वर्षों से 2.5 एकड़ क्षेत्र में केला, सब्जी आदि की जैविक खेती करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। लोकेश बालकृष्ण पताडे को तकनीकी नवाचार के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। अन्य कृषक भी सम्मानित हुए।

## शहर के तीन प्रमुख अखाड़ों में होगा दंगल, दूसरे राज्यों से भी पहुंचेंगे पहलवान

# नागपंचमी पर ताल ठोकने से पहले अखाड़ों में 'दंगल', नन्हें पहलवान भी अभ्यास में जुटे

राजधानी में नाग पंचमी के अवसर पर अखाड़ों में पहलवानों का दंगल इस बार भी आकर्षण का केंद्र होगा। बच्चों से लेकर युवाओं को हर साल कुश्ती का दंगल देखने बेसब्री से इंतजार होता है। नाग पंचमी 9 अगस्त को मनाई जाएगी। इसी दिन शाम को 100 साल से अधिक पुराने पुरानी बस्ती, दंतेश्वरी मंदिर और गुढ़ियारी अखाड़े में कुश्ती का महासंग्राम होगा। दूसरे राज्य के पहलवानों को पटखनी देने शहर के युवाओं ने अखाड़ों में अभी से अभ्यास तेज कर दिया है। इस बार भी युवतियां अखाड़े के मैदान में दांवपेंच दिखाते हुए नजर आएंगी। शहर के कई पहलवान दूसरे जिले व राज्यों में होने वाली स्पर्धा में शामिल होंगे।



**रायपुर।** हरिभूमि गुरुवार को शहर के प्रमुख अखाड़ों में पहुंची। यहां नाग पंचमी के करीब आने से अखाड़ों में कुश्ती करने वालों की संख्या बढ़ी गई है, जिसमें 8 साल से लेकर 25 साल तक युवक व युवतियां शामिल हैं। कुशालपुर के दंतेश्वरी अखाड़ा, पुरानी बस्ती के जैतूसाव मठ अखाड़ा और गुढ़ियारी के सिकंदर शक्ति अखाड़ा के नतृत्व में भव्य कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। हर साल इसे देखने के लिए कुश्ती प्रेमियों का हुजूम उमड़ता है।





### अखाड़ों में होगी शिव पूजा

अखाड़ों में पहलवान सालभर जिस मिट्टी पर कुश्ती का अभ्यास करते हैं, नागपंचमी पर पूजा के लिए उसी से भगवान रुद्र की प्रतिमा बनाई जाएगी। अखाड़ों से मिट्टी निकाली जाएगी। इसके बाद साज-सजावट कर प्रतिमा अखाड़ों में स्थापित की जाएगी। दंतेश्वरी अखाड़ा, पुरानी बस्ती के जैतूसाव मठ अखाड़ा और गुढ़ियारी के सिकंदर शक्ति अखाड़ा प्रतियोगिता से पहले शिव पूजा की जाएगी फिर दोपहर के बाद देर शाम तक अखाड़ों में दंगल के दांव का लोग आनंद लेंगे।

### गुढ़ियारी में जुटेंगे प्रदेश के पहलवान

नाग पंचमी के अवसर गुढ़ियारी के शुक्रवारी बाजार अखाड़े में भी राज्य स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। व्यायामशाला के तोरण लाल साहू का कहना है कि लगभग 78 सालों से अखाड़े में कुश्ती का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भव्य स्तर पर इसे आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा दूसरे राज्यों के पहलवान भी हिस्सा ले सकते हैं। दोपहर 2 बजे शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में महिलाएं भी भाग लेंगी। लोगों को पहलवानों की उठा-पटक देखने को मिलेगी। छत्तीसगढ़ के पहलावाने ने संपर्क करना शुरू कर दिया है।

### दिग्गज पहलवानों के बीच होगी स्पर्धा

शहर सबसे पुराना अखाड़े में भी लोगों को पहलवानों को धोबी पछाड़ देखने को मिलेगा। ट्रस्टी ने बताया कि जैतूसाव मठ में पिछले 100 सालों से कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 1910 से अखाड़े का संचालन किया जा रहा है। प्रदेश के कई बड़े पहलवान इसी अखाड़े से निकले हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार दोपहर 12 बजे अखाड़े में विशेष पूजा होगी। दोपहर 1 से पहलवानों की कुश्ती होगी।

### नेशनल खिलाड़ियों के बीच स्पर्धा

कुशालपुर स्थित दंतेश्वरी मंदिर अखाड़ा 151 साल पुराना है। यहां प्रतिवर्ष नाग पंचमी में कुश्ती की प्रतियोगिता होती है। इस बार भी बच्चों के अलावा युवा वर्ग भी कुश्ती में हिस्सा लेंगे। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाएगी। इस बार खुली कुश्ती में राजधानी के पहलवानों के अलावा दूसरे जिलों से भी प्रतिभागी कुश्ती में भाग लेने के लिए यहां पहुंचने वाले हैं। पहलवान दिलीप यदू ने बताया कि पिछले कुछ सालों से लड़कियों की भी कुश्ती हो रही है। अनेक लड़कियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। नेशनल खिलाड़ियों के बीच स्पर्धा देखने को मिलेगी। अखाड़ों में युवा पहलवानों ने तैयारी शुरू कर दी है। रोज सुबह और शाम लोग दंगल का अभ्यास करने पहुंच रहे हैं।

## कारगिल विजय दिवस

### 21 शहीदों के परिवार होंगे शामिल याद की जाएगी विजय गाथा



**रायपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा 26वां कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

समता कालोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में 28 जुलाई को सुबह 11 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा व अरुण साव होंगे। परिषद के उपाध्यक्ष विजय डागा ने बताया, प्रत्येक वर्ष कारगिल विजय दिवस में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही शहीदों के परिवार को सम्मानित किया जाता है। इस दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, इंद्रकुमार साहू, अनुज शर्मा, क्षेत्र संघ चालक डॉ. पुर्णेन्दु सक्सेना सहित अन्य गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया है।

#### सेना के जवान साझा करेंगे अनुभव

आयोजन में लगभग 600 लोगों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें 21 शहीद परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। इस दौरान शहीद परिवार के सदस्यों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही कारगिल युद्ध को समर्पित करते हुए, नाटक की प्रस्तुति भी दी जाएगी। अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में 1971 भारत-पाक युद्ध के जवान कर्नल जे.एसएस कक्कड़, कर्नल आरपी पाण्डेय, कारगिल योद्धा ब्रिगेडियर पीके लहरी मुख्य रुप से उपस्थित रहेंगे। कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर-जवानों की गाथाएं याद करने के साथ ही उनसे जुड़ी स्मृतियां भी परिजन साझा करेंगे। वर्तमान पीढ़ी को भी उनकी गाथाओं से परिचित कराया जाएगा, ताकि वे देशसेवा के लिए प्रेरित हो सकें।

#### नवयुवकों को दे रहे इतिहास की जानकारी

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा बीते कई वर्षों से निरंतर देशहित में कार्य किए जा रहे हैं। इसमें शहीद परिवार के सदस्यों की समस्याओं को सुलझाने का कार्य मुख्य रुप से किया जाता है। साथ ही निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रतिभागियों को फिटनेस ट्रेनिंग दी जाती है। संगठन का मुख्य उद्देश्य नवयुवकों को देश के इतिहास की जानकारी देना है। देश के लिए शहीद होने वालें जवानों के कार्यों को युवाओं तक पहुंचाने की भी कोशिश की जा रही है।

## विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भी दिया सहयोग

# एमबीबीएस के 200 स्टूडेंट्स पहुंचे कैंप में चेकअप कर दिए शहरवासियों को हेल्थ टिप्स

**रायपुर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के शिक्षकों एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं द्वारा तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। ये शिविर राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा आदेशित फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम के तहत की जाने वाली गतिविधियों का हिस्सा था। इस स्वास्थ्य शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा सहयोग प्रदान किया और इस शिविर का आयोजन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाठागांव में किया गया। यह शिविर निःशुल्क था। 23 से 25 जुलाई तक इसका आयोजन किया गया। इन 3 दिनों में मेकाहारा के विभिन्न विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सको ने अपनी सेवाएं दी। पहले दिन कान, नाक और गला के साथ साथ नेत्र, रेडियोलोजी एवम बाल रोग विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दी, वहीं दूसरे दिन स्त्री रोग विशेषज्ञ के साथ रेडियोलोजी विभाग और अंतिम दिवस में मेडिसिन, त्वचा रोग, हड्डी रोग के साथ रेडियोलोजी विभाग के विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दी।



### 600 से अधिक मरीज पहुंचे

उक्त शिविर में 650 से अधिक मरीजों की उपस्थिति दर्ज की गई और उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी गईं। इस शिविर में निःशुल्क चिकित्सकीय जांच, रक्त जांच एव सोनोग्राफी जांच की सेवाएं प्रदान की गईं। इसमें लगभग 90 मरीजों की सोनोग्राफी की गई। शिविर में 100 से अधिक लाभार्थी विविध रोग और गर्भावस्था की जांच के लिए उपस्थित हुए थे। वहीं सामान्य जांच के लिए 300 लाभार्थी उपस्थित हुए। 60 लाभार्थी बाल रोग विभाग में गए। शेष लाभार्थी नेत्र, नाक कान गला, हड्डी एवम त्वचा की जांच के लिए उपस्थित हुए।

### बीमारी से संबंधित नुक्कड़ नाटक

इस शिविर में एमबीबीएस 2022 बैच के लगभग 200 छात्र-छात्राओ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं शिविर में उपस्थित मरीजों एवं परिजनों के समक्ष स्वास्थ्य शिक्षा से संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। शिविर के अंतिम दिन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मिथिलेश चौधरी भी शामिल हुए। डॉ.तृप्ति नागरिया, डॉ.निर्मल वर्मा, डॉ.कमलेश जैन, डॉ.मिनी शर्मा सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाठागांव की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.पूनम सिंह बागल ने भी पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

### इन्होंने दी सेवाएं

बाल रोग विभाग से डॉ.प्रांकुर पांडेय, डॉ.समरीन युसुफ, नाक-कान-गला से डॉ.हेमंत कुमार परेवा, नेत्र विभाग से डॉ.सुशील कुमार सचदेव, स्त्री रोग विभाग से डॉ.विजेता लिल्हरे, मेडिसिन से डॉ.आरके पटेल, त्वचारोग से डॉ.आकांक्षा बंधाधे, हड्डी रोग से डॉ.सौरभ जिंदल एवं रेडियोलोजी से विभिन्न स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं ने अपनी सेवाएं दीं।

## दो दिवसीय प्रदर्शनी कल से देशभर से आएंगे व्यवसायी

**रायपुर।** अग्रवाल महिला मंडल द्वारा दो दिवसीय मणिकर्णिका उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 27 और 28 जुलाई को आयोजित प्रदर्शनी में देशभर के अनेक शहरों से व्यापरियों द्वारा लगभग 55 स्टॉल लगाए जाएंगे। इसमें मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, जयपुर, भिलाई, कोरबा, बिहार, मप्र जैसे अनेक शहरों से लोग शामिल हो रहे हैं।

उनके द्वारा साड़ी, बैग, ज्वेलरी जैसे अनेक स्टॉल सजाए जाएंगे। अग्रोहा धाम में आयोजित इस एक्सपो का उद्घाटन महिला एवं बालविकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा किया जाएगा। विजय अग्रवाल व मनमोहन अग्रवाल सहित मंडल के प्रभारी कैलाश मोरारका, अध्यक्ष माया मोरारका, महामंत्री ममता अग्रवाल सहित अन्य मंडल सदस्य भी शामिल होंगे।

## व्यक्ति को सुख के साधन ज्यादा मिल जाए तो वह नहीं करता धर्म-कर्म

# सभी चाहते हैं कि उनसे जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति धार्मिक हो धर्म एकमात्र ऐसा पैरामीटर जिसके ऊपर कुछ भी नहीं

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** दादाबाड़ी में आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024 के छठवें दिन गुरूवार को दीर्घ तपस्वी विरागमुनि ने कहा कि धार्मिक व्यक्ति कभी भी किसी का अपमान नहीं कर सकते हैं। जब कोई व्यक्ति धार्मिक हो जाता है तो लोग चाहते हैं कि मेरा बेटा भी ऐसा हो, मेरा पति भी ऐसा हो, मेरा भाई ऐसा हो, मेरे दोस्त जैसे हो। एक कर्मचारी भी चाहता है कि मेरा मालिक धार्मिक हो, क्योंकि धर्म एक ऐसा पैरामीटर है जिसके ऊपर कुछ नहीं है। पहले के लोगों को अगर आप देखें तो अगर आपस में कुछ ऐसी मनमुटाव वाली बात हो जाती थी और कोई गुस्सा भी हो जाता था तो आधे घंटे बाद सब शांत हो जाता था और लोग आपस में मिल-जुलकर हंसते खेलते थे।

जबकि आज स्थिति बहुत ही विपरीत हो चुकी है, आज एक बार किसी को गुस्सा आ जाए तो वह सामने वाले व्यक्ति का मुंह सालों-साल नहीं देखता। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि आज व्यक्ति अपने पापों को बढ़ाता जा रहा है। लालच, ईर्ष्या, राग-द्वेष जैसे अवगुण व्यक्ति के अंदर आ गए हैं। चातुर्मास समिति अध्यक्ष पारस पारख, महासचिव नरेश बुरड व कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड ने बताया कि दादाबाड़ी में प्रतिदिन सुबह 8.45 से 9.45 बजे मुनिश्री की प्रवचन श्रृंखला जारी है। सैकड़ों की संख्या में भक्तगण इसमें शामिल हो रहे हैं।



### जो झुकता है, वह प्राणवान

श्री लाल गंगा पटवा भवन के चातुर्मास में मुनि सुधाकर व मुनि नरेश कुमार के सानिध्य में प्रवचन श्रृंखला चल रही है। मुनिश्री सुधाकर ने कहा, जो झुकता है वह जीव अर्थात प्राणवान है और जो झुकता नहीं, वह निर्जीव अर्थात मुर्दा है क्योंकि जो झुकना जानता है वह ग्रहण करने का पात्र होता है। अपने लक्षित मंजिल को प्राप्त कर सकता है। जब तक सफलता प्राप्त नहीं होती हमें कर्म करते रहना चाहिए। कुछ पाने के लिए पुरुषार्थ करना ही पड़ेगा। आगामी रविवार को मुनि वृंद के सानिध्य में 'पंचऋषी अनुष्ठान' का आयोजन किया गया है।

### चातुर्मास जप-तप और पूजा आराधना करने का समय

थोड़ा सा दुख हमारे जीवन में आ जाए तो हम किसे भूलते हैं? हमें अगर थोड़ा सा भी सिरदर्द होता है, तो हम भगवान को भूल जाते हैं, पूजा-पाठ करने मंदिर नहीं जाते हैं। जबकि उस दिन हम नहाने गए, खाना भी खाया और काम पर चले गए, लेकिन मंदिर नहीं गए। संसार जगत का कोई भी काम नहीं छोड़ते हैं और छोड़ते हैं तो कौन सा काम? पूजा-अर्चना का, धर्म का काम। थोड़ा सा सिरदर्द हुआ तो धर्म का काम छोड़ दिया। सोचो जो नरक गति में रहते हैं, वो कैसे करते होंगे, क्या उन्हें धर्म की चिंता करने का समय मिलता होगा?

### नियमानुसार नहीं करते धर्म-कर्म

मुनिश्री ने बताया कि व्यक्ति को जब सुख के साधन भी ज्यादा मिल जाए तो वह धर्म-कर्म नहीं करता। अगर करना भी चाहे तो वह नियमानुसार नहीं कर सकते हैं। एक मनुष्य गति ही ऐसा जीवन है, जहां हम तप कर सकते हैं, साधना कर सकते हैं, आराधना कर सकते हैं। चातुर्मास जप-तप और पूजा-आराधना करने का समय है। आलस्य में अगर जीवन बिता दिया तो यह चार महीने भी निकल जाएंगे और पता भी नहीं चलेगा।

## सिटी लाइव

# 'नमो वसुंधरा' में छत्तीसगढ़ अव्वल झारखंड द्वितीय व ओडिशा तृतीय



**रायपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक 'आंजनेय' का आयोजन किया गया। दो दिवसीय संगठन के बैठक का आयोजन शहर स्थित सालासर धाम में किया गया। जहां संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजू सरावगी और सचिव निशा मोदी सहित अन्य सदस्य भी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरुणा अग्रवाल ने बताया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी में देशभर से लगभग 13 राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में मुख्य रुप से संगठन के विभिन्न मुद्दे व नवीन विचारों पर चर्चा की गई।

### हरित क्षेत्र गठन, नेत्रदान पर हुई राष्ट्रीय चर्चा

इस दौरान संगठन के आगामी राष्ट्रीय प्रोजेक्ट स्तन कैंसर जांच, सर्वाइकल कैंसर जागरूकता, निःशुल्क कोचिंग, बाल उत्थान शिविर, स्थानीय संस्कृति प्रदर्शनी, राष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता, मारवाड़ी साहित्य उत्थान, हरित गृह राष्ट्रीय प्रतियोगिता, ऊर्जा संरक्षण व वर्षा जल संरक्षण, शुद्ध वायु के लिए हरित क्षेत्र गठन, नेत्रदान, रक्तदान, आपातकाल सेवा ई-बुक और उद्यमी महिलाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर ई-बुक जैसे नवीन योजनाओं पर चर्चा किया गया। सम्मेलन अवसर पर नमो वसुंधरा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश ने प्रथम स्थान, झारखंड ने दूसरा व ओडिशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## धर्म लाइव

# कृष्ण आधारित भजनों की प्रस्तुति भजन मंडली संग झूम उठे भक्त



**रायपुर।** सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में हिंडोला उत्सव का आयोजन प्रारंभ हो गया है। उत्सव के दूसरे दिन फूलों से हिंडोला का श्रृंगार किया गया। इस दौरान शहर की महिलाओं द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। सावन के अवसर पर रोजाना शाम 7 बजे से 8 बजे तक भजन मंडली द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। जहां लड्डू गोपाल के भजन सुनने को मिल रहे हैं। हिंडोला उत्सव के अंतर्गत सावन में प्रत्येक पर्व वृंदावन की तर्ज पर मंदिरों में भी तैयारी की जाती है, जहां श्री कृष्ण के बाल स्वरुप की पूजा-अर्चना की जाती है।

### प्रतिदिन विविध व्यंजनों का भोग

मंदिर के मुख्य पुजारी हरेन्द्र ने बताया, बीते प्रत्येक वर्ष हिंडोला उत्सव मनाया जाता है। जहां लगातार अनेक वस्तुओं व भोजन का भोग लगाया जाता है। कई तरह की सामाग्री से हिंडोला को सजाया जाता है। इस दौरान लड्डू गोपाल को झूले में बिठाकर झूलाया जाता है और गोपियों द्वारा लाड लगाया जाता है। मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया है। अन्य दिनों की तुलना में अधिक संख्या में भक्त यहां पहुंच रहे हैं।

## कैंपस इवेंट

# सीएम से मिले स्कूली छात्र पूछे सदन से जुड़े सवाल



**रायपुर।** स्कूली छात्रों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। राजनांदगांव से आए रॉयल किड्स कॉन्वेंट के कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने विधानसभा परिसर का भ्रमण किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत से भी मुलाकात की। रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने पहली बार विधानसभा की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखा। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान जिज्ञासावश कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे और विधानसभा की कार्यप्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।

### युवाओं को जाननी चाहिए सरकारी कार्यप्रणाली

मुख्यमंत्री ने छात्रों को अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी का राजनीति और सरकारी कार्यप्रणाली के प्रति जागरूक होना बहुत आवश्यक है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यवाही और उसकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने विद्यार्थियों को राजनीति में नैतिकता और ईमानदारी के महत्व पर बल दिया। भ्रमण में उन्होंने न केवल विधानसभा की कार्यवाही को देखा, बल्कि प्रदेश के प्रमुख नेताओं से भी बातचीत करने का अवसर पाया।

---

● केवल सोमवार ही नहीं बल्कि सावन माह में प्रत्येक दिन प्राचीन मंदिरों में सैकड़ों की संख्या में पहुंच रहे भक्त

# पूरे माह अखंड पाठ का दौर, बंद नहीं होंगे श्रावण मास में भोलेनाथ के द्वार, सामान्य दिनों की तुलना में दोगुनी हुई शिवभक्तों की संख्या

भोलेनाथ का सबसे प्रिय सावन का महीना शुरू हो चुका है। पहले सोमवार के साथ ही मंदिरों में अब रोजाना भगवान के दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या भी बढ़ गई है। मान्यता अनुसार सावन में पूजा से भोलेनाथ विशेष रूप से प्रसन्न होते हैं। पूरा महीना भोलेनाथ की पूजा के लिए समर्पित होता है।



**रायपुर।** हरिभूमि ने शहर के प्राचीन शिव मंदिर के पुरोहितों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि सावन शुरू होने के बाद ही भक्तगण ब्रह्म मुहूर्त में भोलेनाथ का दर्शन करने पहुंचने लगे हैं। सामान्य दिनों में भक्त सुबह 7 बजे के बाद मंदिर पूजा करने आते हैं, लेकिन सावन के प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में भक्तों की सुबह 4 से लेकर रात 8 बजे तक पहुंचते हैं।

इसमें कांवड़िए भी शामिल होते हैं। मंदिर प्रबंधन द्वारा उनकी सेवा और सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इस कारण भी शिव मंदिरों में अधिक रौनक देखने को मिल रही है। लोगों की आस्था प्राचीन शिव मंदिरों में अधिक है। इसलिए महादेव घाट, नवागांव शिव मंदिर, सरोना शिव मंदिर जैसे प्राचीन शिवालयों में अधिक भीड़ नजर आ रही है।

### सोमवार के दिन मिलता है कम वक्त इसलिए विशेष पूजन अन्य दिन

महादेव घाट स्थित हटकेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया सावन सोमवार को दिनभर में 10 हजार से भी अधिक संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। भीड़ अधिक होने से पूजा करने के लिए समय भी कम मिलता है। इसलिए विशेष पूजा के लिए भक्तगण पूरे महीने पहुंचते हैं। इन दिनों रोजाना 700 से अधिक भक्तगण मंदिर पहुंच रहे हैं। सामान्य दिनों में यह संख्या 400 तक होती है। इस तरह से सावन मास में भक्तों की संख्या लगभग दोगुनी हो जाती है। पूरे महीने मंदिर द्वार खुलने से लेकर बंद होने तक रौनक रहती है। उन्होंने बताया, सावन माह में भगवान शिव की पूजा करने मात्र से ही साधक की हर मनोकामना पूरी होती है।

### मंदिर में काल सर्प दोष निवारण और रुद्राभिषेक समेत विशेष पूजा

सावन में पूजा का महत्व पूरे महीने होता है। बड़ी संख्या में भक्तगणों द्वारा मंदिर में पुरोहितों की मदद से कष्टों से मुक्ति व काल सर्प दोष व रुद्राभिषेक समेत अन्य विशेष पूजा विधि-विधान से कराया जा रहा है। इसके लिए भक्तगण मंदिर पहुंच रहे हैं। इसके अलावा घर में पूजा कराने के लिए भी पुरोहित से संपर्क किया जा रहा है। मोती बाग स्थित बाबा बैजनाथ शिव, कचना रोड स्थित सुरेश्वर महादेव पीठ समेत मठपारा स्थित नीलकंठेश्वर मंदिरों में भक्त भगवान को प्रसन्न करने विशेष पूजा करवा रहे हैं।



### बारी-बारी से पाठ

नरैय्या तालाब स्थित नरहरेश्वर महादेव मंदिर में प्रत्येक वर्ष सावन माह में अखंड रामायण पाठ होता है। पंडित बारी-बारी से पाठ करते हैं। 24घंटे यहां रामायण पाठ चलता रहता है। इसके कारण पूरे सावन माह मंदिर के पट खुले रहते हैं। रात्रि में भी मंदिर के द्वार बंद नहीं होते हैं। मंदिर के पंडित देवशरण शर्मा ने बताया कि ना केवल इस वर्ष बल्कि प्रत्येक वर्ष यहां सावन माह में अखंड पाठ किया जाता है। इस कारण रात में भी पट खुले रहते हैं। भक्त जब चाहें, आकर दर्शन कर सकते हैं।



### ब्रह्म मुहूर्त की आरती में हो शामिल आस-पास से भी आ रहे भक्त

बूढ़ा तालाब स्थित बूढ़ेश्वर महादेव में रोजाना बड़ी की संख्या में भक्त मंदिर दर्शन करने पहुंच रहे हैं। ट्रस्ट समिति के चंद्रप्रकाश व्यास ने बताया कि पूरे सावन माह बाबा बूढ़ेश्वरनाथ के भक्तजन सैकड़ों की संख्या में पहुंचते हैं। रायपुर ही नहीं बल्कि आसपास के शहरों से भी दर्शनार्थी आते हैं। ज्यादातर भक्त सोमवार को ही ब्रह्म मुहूर्त मंदिर आते हैं, लेकिन सावन में उपवास रखे हुई कई भक्ति रोजाना पहुंच रहे हैं। भगवान को प्रसन्न करने सुबह पूजा के साथ शिव चालीसा का पाठ भक्तों द्वारा पूरे महीने किया जाता है। यह क्रम मंदिर में शुरू हो चुका है। सामान्य दिनों की तुलना में सावन में दर्शन व पूजा करने वाले भक्ति की संख्या बढ़ जाती है।



---

छत्तीसगढ़ी फिल्म कहिबे देबे संदेश और घर द्वार जैसी पुरानी फिल्मों में अभिनय किया

# नहीं रहे चंदैनी-गोंदा के 'बटोरनलाल' ब्रिटिश ध्वज को लगाई थी आग



**रायपुर।** कला, साहित्य से लंबे समय तक जुड़े रहे छत्तीसगढ़ी फिल्मी कलाकार शिव कुमार दीपक उर्फ बटोरनलाल का करीब 90 साल की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से दुर्ग के पोटियाकला में निवासरत थे। उनका अंतिम संस्कार 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे पोटिया के मुक्तिधाम में किया जाएगा। शिव कुमार दीपक को पहचान चंदैनी-गोंदा से मिली, जिसमें बटोरनलाल के उनके किरदार को खूब सराहा गया। उन्होंने इस किरदार में राजनीतिक कटाक्ष किए। उनका कचरा बोदरा किरदार भी चर्चा में रहा। उन्होंने घर द्वार, कहि देबे संदेश जैसी पुरानी छत्तीसगढ़ी फिल्मों में भी अभियन किया।

शिव कुमार दीपक का जन्म 15 नवंबर 1933 को प्रेमसिंह साव के घर ग्राम पोटिया में हुआ। नाच और रामलीलाओं से प्रभावित होकर दोस्तों के घर में ही नाटक का मंचन शुरू कर दिया। आजादी के नारों से प्रभाावित होकर उन्होंने एक बार दुर्ग स्टेशन में महात्मा गांधी के दर्शन भी किए। उस समय महात्मा गांधी कोलकाता जा रहे थे। इसके बाद उन्होंने भी आजादी में योगदान दिया। ब्रिटिश ध्वज को आग लगाने के आरोप में उन्हें दुर्ग के कोर्ट में पेश किया गया। बाद में शहर के स्वतंत्रता संग्राम के बुजुर्गों ने उन्हें छुड़ा दिया। शिव कुमार दीपक के बड़े बेटे शैलेष साहू भी रंगकर्मी हैं।

**रमाकांत बक्शी से थे प्रभावित :** एक समय स्कूल के नाटक कार्यक्रम में खैरागढ़ निवासी रमाकांत बक्शी के एकल अभिनय से वे खासे प्रभावित हुए। इसके बाद उन्हें अपना गुरु बना लिया। पहला एक पात्रीय अभिनय 'जीवन पुष्प' काफी सफल रहा। इसे 1958 में अखिल भारतीय युवक महोत्सव नागपुर में प्रदर्शित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू शामिल हुए। उनके एक पात्रीय अभिनय हरित क्रांति, सौत झगरा, छत्तीसगढ़ी महतारी, छत्तीसगढ़ी रेजीमेंट, बीस सूत्री, लमसेना, चक्कर भिलाई का खासे चर्चा में रहे। उन्होंने 50 छत्तीसगढ़ी, 2 हिंदी, 2 भोजपुरी और 1 मालवी फिल्म में काम किया।

### 1965 में छत्तीसगढ़ी फिल्मों की शुरुआत

उनके करीबी अजय वर्मा बताते हैं कि 1965 में प्रथम छत्तीसगढ़ी फिल्म का निर्माण हुआ, जिसमें उन्हें प्रमुख चरित्र अभिनेता की भूमिका निभाने का अवसर मिला। साथ ही दूसरी छत्तीसगढ़ी फिल्म 'घर द्वार' में भी चरित्र भूमिका निभाने के लिए बुलाया गया। इसी दौरान दुर्ग के दाउ रामचंद्र देशमुख द्वारा निर्मित लोक कला मंच चंदैनी गोंदा में हास्य भूमिका निभाने का अवसर मिला। दिल्ली दूरदर्शन से लोरीक चंदा के प्रदर्शन के लिए दूरदर्शन दिल्ली गए। लोरिक चंदा का प्रदर्शन भारत के बड़े शहरों में करने इलाहाबाद, टाटा, जमशेदपुर, बंबई, कलकत्ता, मद्रास, नागपुर, बनारस, आदि स्थानों में करते रहे। उन्होंने मोर छैय्या भुइंया, मया दे दे मया ले ले, परदेशी के मया, तोर मया के मारे जैसी फिल्मों में भी काम किया। उन्हें तीन बार बेस्ट हास्य कलाकार के रूप में नवाजा गया।

# व्यापम ने जारी किए प्री एमसीए के नतीजे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा एमसीए में दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा यह परीक्षा जून माह में आयोजित की गई थी।




इसके बाद एक जुलाई को मॉडल आंसर जारी कर 8 जुलाई तक दावा-आपत्ति मांगी गई थी। प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण के बाद व्यापम ने अंतिम उत्तर और परिणाम जारी कर दिए हैं। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट में जाकर अपने नतीजे देख सकते हैं। गौरतलब है कि इसमें प्राप्त अंकों के आधार पर छात्रों को प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में संचालित एमसीए पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा। परिणाम जारी होने के बाद अब जल्द ही काउंसिलिंग प्रारंभ होने की उम्मीद है।

---

शिविर के अंतिम दिन होगी नृत्य प्रस्तुति, प्रत्येक आयु वर्ग से भागीदारी

# बच्चों को संस्कृति से जोड़े रखने इतिहास संग बताई जा रही ककसार व गौर आदिवासी नृत्य की बारीकियां

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित 'आकार-2024' के अंतर्गत पारंपरिक शिल्प और नृत्य कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शहर स्थित महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर में रोजाना शाम 4 बजे से 7 बजे तक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हो रहा है। जहां बच्चों से लेकर बड़े बुजूर्ग भी शामिल हो रहे हैं। 15 दिवसीय शिविर में चित्रकला, गोदना आर्ट, मधुबनी आर्ट, पटचित्र, बस्तर आर्ट, ग्लास पेंटिंग, जूट ज्वेलरी, शिल्प-कला, वुडन ट्राइबल आर्ट, लिप्पन आर्ट, मंडाला आर्ट, स्केचिंग, कैनवास पेंटिंग, क्ले आर्ट, करमा नृत्य, बस्तर नृत्य, म्यूरल आर्ट, पेपरमेसी, पैरा आर्ट, बांस आर्ट में प्रशिक्षण जारी है। संस्कृति विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रदेश के विभिन्न विधाओं में परांगत प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया जाता है। नृत्य कलाओं के अंतर्गत इस वर्ष आकर्षण का केंद्र बस्तर नृत्य है, जहां रोजाना प्रतिभागियों की संख्या बढ़ती जा रही है। शुरुआती दिन में केवल 2 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया था, लेकिन वर्तमान में लगभग 20 से अधिक शहरवासियों ने बस्तर नृत्य के प्रति रुचि दिखाई है।





### ककसार व गौर नृत्य की जानकारी

हरिभूमि से चर्चा के दौरान बस्तर नृत्य के गुरु गरियाबंद निवासी उमेश निर्मलकर ने बस्तर नृत्य के इतिहास के विषय में बताते हुए कहा, शिविर में 'ककसार व गौर' आदिवासी बस्तर नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ककसार नृत्य महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किया जाता है, जिसमें मुख्य रुप से तिरुण ( छड़ी) की सहायता ली जाती है। आदिवासी क्षेत्र में भैंस की तरह दिखने वाले पशु को गौर कहा जाता है।

### आदिवासी संस्कृति को जानने में 10 साल का वक्त

निर्मलकर ने बताया, पूरे प्रदेश में कमार जनजाति धमतरी व गरियाबंद जिले में ही पाई जाती है। जहां कमार जनजाति की संस्कृति, परंपरा, इतिहार, त्यौहार को जानने के लिए लगभग 10 वर्ष कमार जनजाति के लोगों के साथ निवास किया। जिसके पश्चात कमार जनजाति की संस्कृति व परंपरा को लोगों तक पहुंचाने के लिए नृत्य का मंचन शुरु किया। इस दौरान 2005 से नृत्य के माध्यम से कमार जनजाति को लोगों तक पहुंचाने का काम किया है।

### 4 अगस्त को नृत्य की प्रस्तुति

अधिकतर लोगों को केवल कर्मा व ददरिया नृत्य की जानकारी होती है, लेकिन इसके अलावा भी कई आदिवासी नृत्य प्रदेश में हैं। 4 अगस्त को ककसार व गौर आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति मंच पर दी जाएगी। जिसके लिए प्रशिक्षण जारी है। इस दौरान स्वागत नृत्य सहित एकल और सामूह नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

### पांच वर्ष की आयु से प्रशिक्षण

आठ वर्षीय अंशिका गुप्ता ने बताया, बीते 3 वर्षों से लगातार लोक नृत्य की कक्षा में शामिल हो रही। इस वर्ष बस्तर नृत्य सीखने का अवसर मिला। अंशिका की मां प्रति गुप्ता ने बताया, मुख्य रुप से हमारा निवास स्थान उत्तरप्रदेश है। बीते कुछ सालों से छत्तीसगढ़ में रहने का अवसर मिला। स्कूली शिक्षा के साथ ही लोक नृत्य की जानकारी होना आवश्यक है। कला से जोड़ने के लिए पंजीयन कराया। इससे बच्चे संस्कृति व परंपरा को समझते हैं। बलौदाबाजार निवासी फूलेश्वरी साहू ने बताया, वर्तमान में मेरी उम्र 30 वर्ष है। बचपन से लोकनृत्य में रुचि होने के कारण बस्तर नृत्य का प्रशिक्षण ले रही हूं। राजधानी में घरेलू सहायिका के रूप में कार्य करती हूं। अंतिम दिन मंच पर प्रस्तुति देने के लिए तैयारी जारी है। उम्र का बंधन नहीं होने के कारण दोगुने उत्साह से विधाएं सीख रही हूं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंतर्राष्ट्रीय रजत पदक जीतने वाली रीबा का हुआ सम्मान



**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत आदर्श इंटरनेशनल स्कूल रायपुर में खेल दिवस का आयोजन किया गया। भिन्न भिन्न खेल प्रतियोगिताओं के के बाद कामनवेल्थ में रजत पदक विजेता फेंसिंग खिलाड़ी रीबा बेनी के द्वारा समस्त छात्र छात्राओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया गया। समस्त रीबा बेनी ने अपने प्रेरक भाषण से छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए छात्रों को दृढ़ संकल्प और दृढ़ता के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया , उन्होंने समर्पण, कड़ी मेहनत और चुनौतियों पर काबू पाने की अपनी यात्रा साझा की, जो सभी छात्रों के सफलता के साथ गहराई से जुड़ी हैं उनकी उपस्थिति ने युवा वर्ग को प्रभावित किया और स्कूल के सभी छात्र–छात्राओं के भीतर बेहतर प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त करने आकांक्षा पैदा की। आदर्श इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर की प्राचार्या जसवीर सरकार ने रीबा बेनी को उनके बहुमूल्य समय और प्रेरक शब्दों के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा स्मृतिचिन्ह द्वारा सम्मान प्रदत्त किया

### जिला स्तरीय खेल कैलेंडर जारी, निखरेंगी प्रतिभाएं



**रायपुर।** श्री बालाजी विद्या मंदिर शाला देवेन्द्र नगर रायपुर में जिला स्तरीय शालेय खेल कैलेंडर डॉ विजय खंडेलवाल जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर आन्ध्र एसोसिएशन के अध्यक्ष जी स्वामी,प्रिंसिपल फेनी और जिला खेल अधिकारी आई पी वर्मा की उपस्थिति में जिला स्तरीय शालेय खेल कैलेंडर जारी किया गया यह खेल एक अगस्त से प्रारंभ होगा। जिसमें फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबाल, टेनिस, हैंडबाल, कुश्ती साफ्ट टेनिस, फेंसिंग, कबड्डी, खो-खो, ताइक्वांडो, कुराश, कराते, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और शतरंज जैसे खेलों का आयोजन विभिन्न शालाओं को दिया गया है। स्कूल गेम्स में सीबीएसई बोर्ड के खिलाड़ी खेल नहीं पायेंगे वे अपने युनिट से खेलेंगे।

### जिला स्तरीय अंडर-15 शतरंज चयन प्रतियोगिता 11 अगस्त को



**रायपुर।** जिला शंतरंज संघ द्वारा श्री दक्षिणेश्वर विद्यापीठ के संयुक्त तत्वाधान में जिला अंडर-15 शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन 11 अगस्त को चंगोराभाठा, रायपुर में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 2009 या उसके बाद जन्मतिथि के 15 वर्ष से कम उम्र के जिले के बालक एवं बालिकाएं भाग ले सकती है। स्पर्धा में विजेता प्रतिभागी वर्ष 2024 का जिले का चैंपियन होगा तथा साथ ही इस प्रतियोगिता में चयनित शीर्ष 4 बालक तथा बालिका राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता 2024 जो कि 15 से 18 अगस्त तक विप्र भवन रायपुर में आयोजित है मे जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्पर्धा में विजयी प्रतिभागियों को कैश प्राइज, ट्राफी और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये जाएंगे। प्रतियोगोता के मुख्य निर्णायक फिडे आर्बिटर रॉकी देवांगन व आयोजन समिति के संचालक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व फिडे इंस्ट्रक्टर रोहित यादव है तथा संरक्षक जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, सचिव नवीन शुक्ला एवं दक्षिणेश्वर विद्यापीठ के डायरेक्टर अविनाश कुमार मिश्रा है।

हार्मोंस में संतुलन बनाने सही डाइट और रूटीन को फॉलो करें

# हार्मोन्स में बदलाव का संकेत देते हैं स्किन और बाल, समय पर कर लें इनकी पहचान

शरीर के सही तरह से फंक्शन करने के लिए, हमें कई विटामिन, मिनरल्स और हार्मोन्स की जरूरत होती है। महिलाओं में हार्मोनल इंबैलेंस कई तरह की समस्याएं पैदा कर सकता है। हार्मोनल इंबैलेंस का असर, महिलाओं के डाइजेशन, वजन, रिप्रोडक्टिव हेल्थ और लुक्स पर होता है। हार्मोनल इंबैलेंस की वजह से शरीर में कई लक्षण नजर आते हैं। कई हार्मोन्स में उतार-चढ़ाव का असर, पीरियड्स और फर्टिलिटी पर भी होता है। शरीर में नजर आ रहे हैं कुछ खास लक्षण हार्मोनल इंबैलेंस की तरफ इशारा करते हैं। कुछ हार्मोन्स के इंबैलेंस का असर, हमारी स्किन पर और बालों पर भी होता है। इसे समय से पहचानना जरूरी है, ताकि, इन्हें बैलेंस करने के लिए, सही डाइट और रूटीन को फॉलो किया जा सके। इस बारे में डाइटिशियन मनप्रीत जानकारी दे रही हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से न्यूट्रिशन्स में मास्टर्स किया है। वह हार्मोन और गट हेल्थ कोच हैं।





### हार्मोनल इंबैलेंस का बालों और स्किन पर असर

थायराइड हार्मोन में उतार-चढ़ाव का असर, बालों पर भी होता है। इसके कारण, बाल पतले हो जाते हैं, बालों की ग्रोथ धीमी हो जाती है और बाल अधिक झड़ने लगते हैं। इसकी वजह से बाल दोमुंहे हो जाते हैं और अपनी चमक खोने लगते हैं।

थायरॉइड हार्मोन की अधिकता या कमी का असर स्किन हेल्थ पर भी होता है। इसके कारण, स्किन का नेचुरल ऑयल यानी सीबम ज्यादा हो जाता है। इसके कारण, मुंहासे निकल आते हैं। इसकी वजह से मेटाबॉलिज्म कमजोर हो जाता है और इसकी वजह से भी स्किन हेल्थ खराब होने लगती है।

एस्ट्रोजन की कमी से कोलेजन उत्पादन कम हो जाता है। इसका असर स्किन हेल्थ पर होता है। एस्ट्रोजन हार्मोन और एक्ने का गहरा नाता है। इसका लेवल बढ़ने पर एक्ने हो जाते हैं। पीरियड्स के दौरान या इससे पहले एक्ने होने के पीछे यही हार्मोन जिम्मेदार है। इंसुलिन हार्मोन भी शरीर के लिए बहुत जरूरी है। इंसुलिन रेजिस्टेंस होने पर महिलाओं के चेहरे पर अनचाहे बाल निकल आते हैं।

शरीर में कॉर्टिसोल का स्तर बढ़ने से त्वचा में सीबम का उत्पादन बढ़ जाता है। यह स्ट्रेस हार्मोन है। इसकी वजह ले एक्ने, स्किन इंफ्लेमेशन और भी स्किन से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। कोर्टिसोल लेवल बढ़ने पर भी बाल झड़ने लगते हैं। हार्मोनल इंबैलेंस का असर, हमारी स्किन, बालों और शरीर के कई फंक्शन्स पर होता है। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।



## एब्स वर्कआउट करते हुए नहीं करनी चाहिए ऐसी गलतियां

जो लोग जिम जाते हैं, वे एक टोन्ड बॉडी पाना चाहते हैं और इसके लिए वे अपने वर्कआउट पर खास ध्यान देते हैं। अपने वर्कआउट के दौरान वे सिर्फ बैक, चेस्ट या लेग्स को ही ट्रेन नहीं करते हैं, बल्कि एब्डॉमिनल एक्सरसाइज करना भी पसंद करते हैं और इसलिए वे कोर-ट्रेनिंग के दौरान एब्स की तरह- तरह की एक्सरसाइज करते हैं। उन्हें लगता है कि इससे उन्हें सिक्स पैक एब्स पाने में मदद मिलेगी। हालांकि, ऐसा केवल तभी संभव है, जब आपका बॉडी फैट परसेंटेज कम हो। एब्स वर्कआउट करने से आपकी कोर मसल्स मजबूत होती हैं और इससे आपको काफी फायदा मिलता है।

इस बात में कोई दोराय नहीं है कि एब्स वर्कआउट हर किसी के लिए काफी अच्छा है, लेकिन इसे सही तरह से करना बेहद जरूरी है। अमूमन यह देखने में आता है कि लोग एब्स वर्कआउट करते हुए अनजाने में कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको उन गलतियों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपका एब्स वर्कआउट करते हुए करने से बचना चाहिए-

### ओवरट्रेनिंग करना

अधिकतर यह देखने में आता है कि लोग जल्द से जल्द अपनी बॉडी को शेप में देखना चाहते हैं और पेट व उसके आसपास के फैट को कम समय में खत्म करना चाहते हैं। ऐसे में वे एब्स वर्कआउट के दौरान ओवरट्रेनिंग करना शुरू कर देते हैं। हालांकि, ऐसा करने से आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसी भी अन्य मसल्स ग्रुप की ही तरह पेट की मसल्स को ठीक होने के लिए समय की जरूरत होती है। इसलिए हर हर दिन अत्यधिक क्रंच या प्लैंक करने के बजाय आप उसकी क्वालिटी पर अधिक ध्यान दें।

### सांस को रोकना



एब्स वर्कआउट के दौरान अधिकतर लोग एक गलती करते हैं और वह है अपनी सांस रोकना। जबकि आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। एब्स वर्कआउट के दौरान अपने ब्रीदिंग पैटर्न पर पर्याप्त ध्यान दें। इससे आपकी कोर मसल्स अधिक एक्टिव होती है और बॉडी में ऑक्सीजन सप्लाई भी सही तरह से हो पाती है। इससे आप अधिक बेहतर तरीके से वर्कआउट कर पाते हैं, जिससे आपको बेस्ट रिजल्ट मिलते हैं।

### गर्दन को आगे की ओर खींचना

अमूमन यह देखने में आता है कि लोग क्रंचेस करते हुए अपने ऊपरी शरीर को ऊपर उठाने के लिए सिर और गर्दन को आगे की ओर खींचने के लिए हाथों का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, ऐसा करने से आपकी गर्दन पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। इससे आपको गर्दन में दर्द की शिकायत हो सकती है। हमेशा एब्स वर्कआउट के दौरान क्रंचेस करते हुए बिना दबाव डाले अपने हाथों को अपने सिर के पीछे हल्के से रखें। साथ ही, अपने ऊपरी शरीर को ऊपर उठाने के लिए पेट की मसल्स का उपयोग करें।

### गलत फॉर्म और अलाइनमेंट

अन्य किसी भी एक्सरसाइज की ही तरह एब्स वर्कआउट करते हुए आपको बॉडी फॉर्म और अलाइनमेंट का ध्यान रखना चाहिए। कई बार लोग इस दौरान अपनी पीठ को बहुत ज़्यादा झुकाते हैं या फिर अपने कूल्हों को ढीला छोड़ देते हैं।



## शाम के समय तेल में ये चीजें डालकर जलाएं दीपक, नहीं रुकेगी घर की बरकत

ज्योतिष शास्त्र में ऐसा माना गया है कि संध्याकाल के समय जलाया गया दीपक ज्यादा प्रभावशाली होता है प्रातःकाल के समय जलाए गए दीपक के मुकाबले। हिन्दू धर्म में दीपक जलाना शुभ माना जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि पूजा-पाठ के दौरान दीपक जलाने से देवों की उपस्थिति उस स्थान पर होती है और उस जगह दिव्य ऊर्जा का संचार होने लगता है। इसी कारण से शास्त्रों में सुबह और



शाम दीया प्रज्वलित करने का विधान है। वहीं, ज्योतिष शास्त्र में ऐसा माना गया है कि संध्याकाल के समय जलाया गया दीपक ज्यादा प्रभावशाली होता है प्रातःकाल के समय जलाए गए दीपक के मुकाबले। ऐसे में अगर शाम के समय जलने वाले दीपक के तेल में कुछ चीजें मिलाकर उसे प्रज्वलित किया जाए तो इससे कई लाभ मिल सकते हैं। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं इस बारे में।

**तेल में तिल मिलाकर जलाएं शाम के समय दीपक:** तिल का संबंध पितरों और शनिदेव से माना गया है। ऐसे में शाम के समय तेल में तिल मिलाकर दीपक जलाने से पितृ प्रसन्न होते हैं। पितरों का आशीर्वाद मिलता है और शनि देव की कृपा भी बनी रहती है।

**तेल में कपूर मिलाकर जलाएं शाम के समय दीपक:** कपूर का संबंध शुक्र ग्रह से है। ऐसे में शाम के समय तेल में कपूर मिलाकर जलाने से कुंडली में शुक्र ग्रह मजबूत होते हैं। शुक्र के शुभ प्रभाव से व्यक्ति को सौभाग्य, सुंदरता, संपन्नता की प्राप्ति होती है।

**तेल में लौंग मिलाकर जलाएं शाम के समय दीपक:** लौंग का संबंध राहु और केतु से माना गया है। अगर रोजाना शाम के समय तेल में लौंग डालकर दीपक जलाया जाए तो इससे राहु का दुष्प्रभाव कम होता है और राहु-केतु की शुभता कुंडली में बढ़ती है।

**तेल में तेजपत्ता मिलाकर जलाएं शाम के समय दीपक:** तेजपत्ते का संबंध मां लक्ष्मी और कुबेर देव से माना गया है। ऐसे में शाम के समय तेल में तेजपत्ते का चूरा मिलकर दीपक जलाया जाए तो इससे घर की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और तधन लाभ होता है।


## बिना तले ऐसे बनाएं स्वादिष्ट ब्रेड पकौड़ा, खाकर घरवाले करेंगे तारीफ



अगर आप भी घर पर रहकर बारिश के मजे ले रहे हैं, तब तो कुछ चटपटा सा खाने का मन अवश्य करता होगा। पर, आप चाह के भी हर रोज तला-भुना नहीं खा सकते।

अब जब आप अपनी हेल्थ का भी ध्यान रखना चाहते हैं लेकिन कुछ चटपटा भी खाना चाहते हैं तो आप बिना तले ब्रेड पकौड़ा भी तैयार कर सकते हैं। ब्रेड पकौड़ा बनाने के लिए आपको सबसे पहले इसकी स्टफिंग तैयार करनी है। स्टफिंग बनाने के लिए उबले हुए आलूओं को छील कर अच्छी तरह से मैश करें। अब एक कढ़ाई लेकर उसमें थोड़ा सा तेल डालें और फिर बारीक कटी हरी मिर्च, हल्दी और जीरा डालकर भूनें। जीरा सुनहरा होने पर इसमें आलू डालें। इन आलुओं में अब धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, और नमक मिलाएं। जब ये सही से पक जाए तो इसमें कटी हुई धनिया की पत्तियां डालें।

अब इसे ठंडा होने के लिए साइड में रख दें। जब तक ये ठंडा हो रहा है तब तक बेसन का घोल तैयार करें। इसके लिए एक बाउल में बेसन, नमक, हल्दी पाउडर और बेकिंग सोडा मिलाएं। इसमें धीरे-धीरे पानी डालते हुए गाढ़ा घोल तैयार करें। सबसे आखिर में ब्रेड स्लाइस को तिरछे काटकर दो हिस्सों में बांट लें। हर ब्रेड के टुकड़े पर आलू का मिश्रण फैलाएं और दूसरी ब्रेड का टुकड़ा ऊपर रख दें। अब इन तैयार ब्रेड सैंडविच को बेसन के घोल में डुबोएं और तुरंत निकाल लें। ध्यान रखें कि बेसन का बेटर ज्यादा गाढ़ा न हो।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'जोकर 2' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी, जल्द आएगी बड़े पर्दे पर

'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर को फिल्म के निर्माताओं ने जारी कर दिया। इस फिल्म के पहले भाग के लिए अकादमी पुरस्कार जीत चुके वॉकिन फीनिक्स फिल्म में एक बार फिर से अपनी अदाकारी का जलवा दिखाते हुए नजर आएंगे। साथ ही, फिल्म में लेडी गागा भी हैं, जो उनकी प्रेमिका के रूप में दिखेंगी। फिल्म में खलनायक यानी जोकर और उसकी प्रेमिका की विकृत मानसिकता को गहराई से दिखाने की कोशिश की गई है। इस फिल्म का ट्रेलर काफी ज्यादा शानदार है। 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' उस अंधेरे और गंभीर कथानक को जारी रखता है, जिसने 2019 में दर्शकों और समीक्षकों की खूब वाहवाही लूटी थी। फिल्म में वॉकिन फीनिक्स आर्थर फ्लेक के रूप में फिर से अपनी भूमिका में दिखेंगे। आर्थर एक असफल कॉमेडियन है, जिसका पागलपन उसे कुख्यात जोकर में बदल देता है। वॉकिन के साथ लेडी गागा इस बार स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। वह जोकर की साथी और प्रेमिका हार्ले क्विन के किरदार में हैं। 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' आर्थर फ्लेक की कहानी है, जो आर्कम में अपनी दोहरी पहचान के साथ जिंदगी जी रहा है। इस दौरान वह प्यार की गिरफ्तार में भी आ जाता है। इस फिल्म में ऑस्कर नामांकित ब्रेंडन ग्लीसन भी हैं, जो 'द बैनशीज ऑफ इनिशेरिन' की वजह से काफी लोकप्रिय हैं। उनके अलावा फिल्म में कैथरीन कीनर, अपने किरदार को दोबारा निभाती हुई नजर आएंगी। 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' 4 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



### टॉलीवुड

## 'सलार 2' पर नजरें टिकी दर्शकों की, प्रशांत नील ने बताया प्लान

प्रभास और प्रशांत नील की जोड़ी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया। 'सलार' ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया। वहीं, अब हर किसी की निगाहें 'सलार 2' पर टिकी हुई हैं। हालांकि, अब 'सलारः पार्ट 2 शौर्यांग पर्वम' की शूटिंग पर बड़ा अपडेट सामने आया है। जानें प्रशांत नील कब 'सलार' के दूसरे भाग की शूटिंग शुरू करेंगे-सोशल मीडिया पर प्रशांत नील के कॉलीवुड सुपरस्टार अजित कुमार के साथ संभावित सहयोग के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं। खबरें हैं कि अजित और प्रशांत की मुलाकात हैदराबाद में हुई थी, जहां निर्देशक ने उनसे फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त के लिए अपने 'केजीएफ' ब्रह्मांड का हिस्सा बनने के लिए संपर्क किया था। इन खबरों के साथ यह भी अफवाह उठने लगी कि शायद 'सलार 2' को स्थगित किया जा रहा है। हालांकि, अब इन अफवाहों पर विराम लग गया है। 'सलार 2' की शूटिंग पर आया बड़ा अपडेट दर्शकों का दिल जीत रहा है।



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने पुष्टि की है कि 'सलार 2' की शूटिंग अगस्त के मध्य में फिर से शुरू होगी। रिपोर्टों से पता चलता है कि सीक्वल का 20 प्रतिशत हिस्सा 'सलारः भाग 1' की शूटिंग के दौरान पहले ही फिल्माया जा चुका था और कलाकारों और क्रू को सीक्वल के बारे में जानकारी दी गई थी। चालक दल के सदस्यों को अग्रिम राशि भी प्राप्त हुई थी। प्रशांत की अन्य रोमांचक परियोजनाओं के बारे में चल रही चर्चाओं के बावजूद निर्देशक बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'सलार 2' पर ध्यान केंद्रित करने के इच्छुक हैं, जिसमें सूत्रों के अनुसार, कोई और देरी नहीं होगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि निर्देशक इन सभी प्रमुख परियोजनाओं का समन्वय कैसे करते हैं, क्योंकि जूनियर एनटीआर के साथ उनकी फिल्म की शूटिंग भी जल्द ही शुरू होने वाली है।

### भोजपुरी

## 'जया' का मुंबई में होगा प्रीमियर, महिला सशक्तीकरण पर आधारित है कहानी

भोजपुरी सिनेमा की अपकमिंग फिल्म 'जया' को लेकर कहा जा रहा है कि ये फिल्म एक सशक्त महिला की जर्नी को दिखाएगी। माही श्रीवास्तव स्टारर इस फिल्म की कहानी की तुलना बॉलीवुड की 'मसान' और 'सैराट' जैसी फिल्मों से की जा रही है और कहा जा रहा है कि दर्शकों को इस फिल्म में वो दिखेगा जो अब उन्होंने नहीं देखी। भोजपुरी सिनेमा में एक शानदार फिल्म जल्द आ रही है जिसका नाम है 'जया' और कहा जा रहा है कि इस फिल्म की तुलना बॉलीवुड की 'मसान' और 'सैराट' जैसी फिल्मों से की जा रही है। इस अपकमिंग फिल्म 'जया' का प्रीमियर 1 अगस्त को पटना में होने जा रहा। इससे पहले इस फिल्म का प्रीमियर 30 जुलाई को मुंबई में रखा गया है। वहीं 3 अगस्त को इसका प्रीमियर वाराणसी में किया जाना है। फिल्म के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं और इस फिल्म में वाराणसी के गंगा घाट का विहंगम दृश्य ट्रेलर और फिल्म के पोस्टर में देखने मिला है। ये नजारा हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा। फिल्म 'जया' की कहानी एक सशक्त महिला की जर्नी पर बेस्ड है, जो समाज के बंधनों को तोड़ते हुए अपने सपनों को साकार करने की कोशिश करती है। फिल्म में लीड रोल में माही श्रीवास्तव हैं, जिन्होंने अपने किरदार के साथ पूरी निष्ठा से न्याय किया है।



## लबादे का फैशन

लाइफ स्टाइल

लंदन फैशन वीक में पिछले दिनों मशहूर डिजाइनर ग्लेन मार्टेंस ने मॉडल जीन पॉल गॉल्टियर के लिए हाउते कॉउचर संग्रह के साथ एक शानदार शुरुआत की। यह शो चर्चा में रहा। भारी-भरकम लबादानुमा ड्रेस के साथ उतरी मॉडल ने दर्शकों को भी हैरान किया। इस शो में मैथ्यू ब्लेज़ी ने बोट्टेगा वेनेटा ने भी अपनी धमाकेदार शुरुआत की।



## चेहरे पर शीशे सा निखार लाने करें इनका इस्तेमाल

त्वचा का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। चेहरे की चमक को नेचुरल तरीके से बरकरार रखना भी बेहद जरूरी होता है। उन घरेलू चीजों के बारे में आपको जानना चाहिए जो त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं।

**एलोवेरा** _ त्वचा के लिए एक डॉक्टर का काम करता है एलोवेरा। यह अनेक रूप से फायदे पहुंचाने में मदद करता है। अब चाहे तो त्वचा को नमी पहुंचा कर हाइड्रेटेड बनाना हो या चेहरे पर एलोवेरा जेल का बना हुआ फेस पैक हो। इसका इस्तेमाल आप अनेक रूपों में कर सकती हैं। इसके लिए आप घर में एलोवेरा का पौधा लगायें और मार्केट में मिलने वाली जेल को अवॉयड ही करें।

**बेसन** _ बेसन का इस्तेमाल चेहरे पर मौजूद टैनिंग को हटाने के लिए किया जाता है। खासकर यह ऑयली स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि बेसन चेहरे पर मौजूद पोर्स में जमे ऑयल को निकाल पोर्स को डीप क्लीन करने का काम करता है। वहीं इसमें आप कच्चा दूध और गुलाब जल मिलाकर इस्तेमाल कर सकती हैं।

**गुलाब जल** _ गुलाब जल को चेहरे पर कई तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। बता दें कि यह एक नेचुरल टोनर का काम करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये चेहरे पर मौजूद पोर्स के अंदर जाकर सफाई कर उनका साइज मिनीमाइज करने में सहायता करता है। साथ ही ये त्वचा के पीएच लेवल को बरकरार रखने का काम भी करता है। इसके अलावा त्वचा पर मौजूद डार्क स्पॉट्स यानी काले धब्बे को कम करने के काम भी आता है।



**त्वचा की देखभाल करने के लिए क्या करें?** : त्वचा की देखभाल करने के लिए रोजाना सीटीएम रूटीन को फॉलो करें और चाहे तो आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## हर मौसम में पहनें जा सकते हैं बांधनी सलवार-सूट के ये डिजाइंस




स्टाइलिश दिखना हम सभी पसंद करते हैं, लेकिन कम्फ़र्टेबल रहने के लिए हम ज्यादातर मौसम और मूड के हिसाब से कपड़े चुनते हैं। वहीं सलवार-सूट को लगभग रोजाना पहना जाता है। ऑफिस जाना हो या आस-पास किसी पार्टी में पहनने के लिए हम ज्यादा हैवी डिजाइन के सूट नहीं खरीदते हैं।

आजकल की बात करें तो बांधनी डिजाइन के सलवार-सूट बेस्ट लुक देने में मदद करते हैं। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं बांधनी सलवार-सूट के लेटेस्ट डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन लुक्स को स्टाइलिश बनाने के आसान टिप्स-

### फैंसी बांधनी सूट

किसी पार्टी में जा रही हैं तो इस तरह के बांधनी डिजाइन के लेस वाले सलवार-सूट आपके लुक में जान डालने का काम करेंगे। इस तरह के सूट लुक में आपको जैकेट स्टाइल, कलीदार, जैसे अन्य कई पैटर्न देखने को मिल जाएंगे। आप चाहे तो सिंपल सूट में भी गोटा-पट्टी लेस लगवाकर फैंसी लुक दे सकती हैं।



### फ्लोर लेंथ बांधनी सूट

फ्लोर तक की लेंथ के सूट देखने में बेहद मॉडर्न लुक देने का काम करते हैं। इस तरह के सूट के साथ आप चाहे तो दुपट्टे को स्किप भी कर सकते हैं। मॉडर्न लुक में सूट को स्टाइल करने के लिए नेकलाइन में आप कट आउट डिजाइन का गला बनवा सकते हैं। देखने में इस तरह का नेक डिजाइन आपके सूट को रेडीमेड लुक देने में मदद करेगा।

### प्लेन बांधनी सूट


ऑफिस जा रही हैं या रोजाना के लिए घर पहन रही हैं तो इस तरह के जयपुरी-गुजराती स्टाइल बांधनी डिजाइन के सलवार-सूट आपके लिए बेस्ट साबित हो सकते हैं। इस तरह के सूट आपको मार्केट में रेडीमेड भी मिल जाएंगे। आप चाहे तो पुरानी बांधनी साड़ी की मदद से भी इस तरह से सूट तैयार कर सकती हैं। दुपट्टे के लिए आप अलग से प्लेन डिजाइन खरीद सकते हैं।

## बार-बार पसीना आने से हैं परेशान, इस तरह से करें अपने शरीर की सफाई

कई बार बदलते मौसम और स्किन टेक्सचर के कारण चेहरे पर मेकअप लगाने के थोड़ी देर बाद ही प्रोडक्ट एक जगह पर इकठ्ठा होने लगता है और मेकअप लुक खराब नजर आने लगता है। अक्सर ऐसा चेहरे पर पसीना आने के कारण होता है।

इसके कई कारण हो सकते हैं। फ्लॉलेस मेकअप लुक पाने के लिए आपको अपने मेकअप को इस तरह से खराब होने से बचाना बेहद जरूरी होता है। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं कुछ ऐसे आसान टिप्स जिनकी मदद से आप आसानी से चेहरे पर पसीना आए तो आप आसानी से मेकअप लुक को खराब किए बिना उसे साफ कर पाए और अपने लुक को आकर्षक बना पाए।

पसीना आने के कारण त्वचा ऑयली नजर आने लगती है और चेहरे की त्वचा से निकलने वाले तेल को हम इसी तरह से साफ नहीं कर सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर हम ऐसा करते हैं तो चेहरे पर लगा मेकअप भी साथ ही निकल जाएगा और लुक खराब नजर आने लगेगा। इसके लिए आप पसीने को साफ करने के लिए चेहरे पर ब्लोटिंग पेपर का इस्तेमाल कर सकती हैं।



गर्मियों के मौसम में अक्सर त्वचा ऑयली हो जाती और इस मौसम में पसीना आना लाजमी है। आप पसीने को रोक नहीं सकते हैं, लेकिन इसके लिए आप अपने मेकअप प्रोडक्ट्स में थोड़ा बदलाव कर सकते हैं। इसके लिए आप ड्युई बेस्ड मेकअप प्रोडक्ट्स की जगह पर मैट मेकअप प्रोडक्ट्स का चुनाव कर सकती हैं। इन प्रोडक्ट्स में किसी भी तरह का ऑयल मौजूद नहीं होता है। अक्सर हम चेहरे पर लिक्विड और क्रीम मेकअप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं।

## सिर की खुजली को झटपट दूर करेंगे ऐसे उपाय

बारिश का मौसम गर्मी से राहत तो दिलाता है, लेकिन वो अपने साथ तमाम तरह की परेशानियां भी लेकर आता है। इस मौसम में कई बार फंगल इंफेक्शन जैसी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इससे सिर पर खुजली काफी बढ़ जाती है। इस परेशानी को देखते हुए यहा कुछ ऐसे उपाय के बारे में आपको जानना चाहिए, जिसका इस्तेमाल सिर की खुजली दूर करने के लिए किया जा सकता है।

**टी ट्री ऑयल:** बाजार में आपको टी ट्री ऑयल आसानी से मिल जाएगा। इसमें पाए जाने वाले एंटीफंगल और एंटीसेप्टिक गुण सिर की खुजली को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसका इस्तेमाल शैंपू में मिला कर करें। ये सिर की खुजली से राहत दिलाएगा।

**नीम का तेल:** नीम के बारे में तो हर कोई ही जानता है कि इसमें कई ऐसे एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जोकि कई परेशानियों से राहत दिलाते हैं। ऐसे में आप भी इस तेल हल्का गर्म करके स्कैल्प पर मालिश करें और कुछ समय के लिए छोड़ दें। थोड़ी देर बार सिर को सादे पानी से धो लें।

**एलोवेरा:** हर घर में आपको आसानी से एलोवेरा मिल जाएगा। इसका इस्तेमाल भी काफी आसान होता है। इसके इस्तेमाल के लिए एलोवेरा जेल को सिर पर लगाकर आधे घंटे के लिए छोड़ दें और फिर हल्के शैंपू से धो लें। यह स्कैल्प को ठंडक पहुंचाता है और खुजली को कम करता है।



**सिरका:** खाने में इस्तेमाल किया जाने वाला सेब का सिरका फंगस को खत्म करने में मदद करता है। इसका इस्तेमाल आप पानी में मिलाकर कर सकते हैं। पानी में सिरका डालकर फिर इसे रुई की मदद से स्कैल्प पर लगाएं। इससे फंगस और बैक्टीरिया को मारने में मदद मिलती है और खुजली कम होती है।

**बेकिंग सोडा:** आपकी रसोई में आपको बेकिंग सोडा आसानी से मिल जाएगा। इसका इस्तेमाल काफी आसान है। इसे स्कैल्प पर लगाने के लिए बस बेकिंग सोडा को पानी में मिलाकर पेस्ट बनाएं और स्कैल्प पर लगाएं। कुछ समय के लिए छोड़ दें और फिर धो लें।

### कार्नर न्यूज

### पुरुषों के लिए फैशन टिप्स आसान से हैं लेकिन इन्हें अपनाएं

## हैंडसम दिखने फॉलों करें ऐसे टिप्स जिनसे आप नजर आएं भीड़ में भी सबसे अलग

*जिस तरह से महिलाएं अपने आउटफिट से लेकर स्किन केयर तक का खास ध्यान रखती हैं, उस तरह से कोई भी पुरुष अपना ध्यान नहीं रख पाता। जिस वजह से कई बार पुरुषों का लुक खराब दिखने लगता है। खासतौर पर जो पुरुष नौकरी करते हैं, उनके लिए अपने लुक का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं जो अपनी ग्रूमिंग का बिल्कुल ध्यान नहीं रखते तो आपको सोचने की जरूरत है।*



### लिप बाम है जरूरी

अक्सर लड़के ये सोचते हैं कि लिप बाम तो लड़कियां लगाती हैं, लड़कों के ऊपर ये अजीब दिखता है। जबकि ऐसा नहीं है। पुरुषों को भी दिन में बार-बार लिप बाम का इस्तेमाल करना चाहिए। ये आपके होंठों को हाइड्रेट करने में मदद करेगा। रूखे-सूखे होंठ आपके लुक को खराब कर सकते हैं। ऐसे में लिप बाम का इस्तेमाल बार-बार करें।

### सही फेसवॉश है जरूरी

ज्यादातर लड़के किसी भी फेसवॉश का इस्तेमाल कर लेते हैं। जबकि ये गलत है। फेसवॉश हमेशा स्किन टाइप को ध्यान में रखकर ही खरीदना चाहिए। अगर आप ऐसे ही किसी फेसवॉश का इस्तेमाल करेंगे, तो इससे आपकी त्वचा पर तमाम परेशानियां पैदा हो सकती हैं। ऐसे में अपने चेहरे की गंदगी को साफ करने के लिए सही फेसवॉश का इस्तेमाल अवश्य करें।

### बाल और दाढ़ी हो सेट

अगर आपकी दाढ़ी और बाल सेट नहीं होंगे, तो ये आपका पूरा लुक खराब कर सकते हैं। ऐसे में हमेशा समय-समय पर अपनी कटिंग कराते रहें। इसके अलावा यदि आप दाढ़ी रखते हैं तो उसे जरूर हर हफ्ते सेट कराएं। अगर ये सही से सेट नहीं होगी, तो ये आपको अजीब दिखा सकती है।

### सनस्क्रीन का इस्तेमाल अवश्य करें

शरीर पर टैनिंग न दिखे तो सनस्क्रीन का इस्तेमाल अवश्य करें। ज्यादातर लड़के सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना भूल जाते हैं। ये गलती आप न दोहराएं। दिन में कई बार सनस्क्रीन का इस्तेमाल अवश्य करें।

### परफ्यूम जरूर लगाएं

लड़कों को पसीना काफी ज्यादा है। ऐसे में वो हमेशा तेज खूशबू वाला परफ्यूम इस्तेमाल करते हैं। परफ्यूम लगाते वक्त ध्यान रखें कि ये इतना ज्यादा हैवी न हो कि आपके आस-पास वाले लोगों को परेशानी होने लगे। सटल सी खूशबू वाला परफ्यूम आपके आसपास से लोगों को भी पसंद आएगा।